●वर्ष : 16 ●अंक : 304 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

LKS
# दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
बुधवार 26 फरवरी 2025
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### जेपी नड्डा से मिले नीतीश कुमार, विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा



नूना न्यूज एजेंसी।

**बिहार।** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना के राजकीय अतिथिशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बिहार में एनडीए की भविष्य की रणनीति पर चर्चा की क्योंकि राज्य में इस साल चुनाव होने हैं। कुमार राज्य अतिथि गृह पहुंचे, जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री शहर पहुंचने के बाद ठहरे थे। बैठक के दौरान राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे। नड्डा सोमवार को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। शाम को वह गया एयरपोर्ट पहुंचे, जहां बीजेपी कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया लेकिन प्रदेश भाजपा नेताओं ने कहा कि वह निजी यात्रा पर गया में थे। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का प्रभार संभाल रहे नड्डा पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भी शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पटना के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा दुनिया भर से बड़ी संख्या में डॉक्टर भी शामिल होंगे। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनसे पहले सत्ता में रहे लोगों ने मुसलमानों के वोट तो मांगे लेकिन वे सांप्रदायिक झड़पों को रोकने में विफल रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष कुमार ने यह टिप्पणी एक समारोह में की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### ओडिशा के पुरी के निकट बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया

**कोलकाता/भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह छह बजकर 10 मिनट पर बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। ओडिशा राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप का प्रभाव ना के बराबर था, क्योंकि इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था।

# 2027 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक बनाएंगे विकसित राष्ट्र: बोले अमित शाह

नूना न्यूज एजेंसी।

**भोपाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों का जिक्र करते हुए मंगलवार को कहा कि निवेशकों के लिए राज्य आकर्षण का केंद्र है. राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां जमीन है, श्रमशक्ति है, खदानें हैं और खनिज भी हैं. यहां उद्योग की संभावना है और ढेर सारे अवसर भी हैं. इस तरह राज्य निवेशकों के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र है। राज्य की पुरानी स्थिति का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा, "एक जमाना था जब मध्य प्रदेश को 'बीमारू' राज्यों में गिना जाता था. सड़क, बिजली, सिंचाई, पानी की उपलब्धता को लेकर हर क्षेत्र में मध्य प्रदेश 'बीमारू' माना जाता था. भारतीय जनता पार्टी के 20 साल के शासन के बाद आज यहां पांच लाख



किलोमीटर सड़क नेटवर्क बना है, छह हवाई अड्डे हैं, आईआईटी-आईआईएम सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान हैं. यह देशभर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा प्राप्त करने वाला राज्य है. मैंगनीज, कॉपर, रॉक फॉस्फेट, कोयला, चूना पत्थर सहित कई तरह के खनिज मध्य प्रदेश में उपलब्ध हैं. यह देश का 'कॉटन कैपिटल' है और देश के 25 प्रतिशत ऑर्गेनिक कॉटन की आपूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश फूड प्रोसेसिंग के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है. राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है. राज्य में पूरे देश में टॉप अचीवर बनने की क्षमता है। देश की बदली तस्वीर का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल के शासन में भारतीय अर्थव्यवस्था 10वें स्थान से छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई है. साल 2027 में हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आगे बढ़ेंगे. देश का जीडीपी दोगुना हो चुका है और प्रति व्यक्ति आय भी 10 साल में दोगुनी हुई है। उन्होंने कहा, "हम सभी जानते हैं कि मध्य प्रदेश देश की सांस्कृतिक विरासत है और प्रधानमंत्री मोदी ने जो सूत्र दिया है, 'विकास भी विरासत भी', उसे चरितार्थ करने के लिए ढेर सारे प्रयास कर रहा है. हमने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का और 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का संकल्प लिया है. मध्य प्रदेश दोनों लक्ष्यों को सिद्ध करने के लिए न केवल सहायक होगा, बल्कि इसमें बहुत बड़ा योगदान भी देगा।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा। प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्त्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## अतिक्रमण के कारण रुका दिल्ली का विकास
### दो साल में बदलेगा रूप : मनोहर लाल



नूना न्यूज एजेंसी।

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण के कारण विकास अवरुद्ध हो गया है और अगले दो वर्षों में राजधानी का कायाकल्प करने का वादा किया। मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 को संबोधित करते हुए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम को सबसे विकसित शहर बताया। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने एक दशक लंबे कार्यकाल के दौरान हुए महत्वपूर्ण विकास पर प्रकाश डाला तथा इसकी तुलना दिल्ली से की, जहां उन्होंने कहा कि बहुत कम बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीमित भूमि और बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण शहरी विस्तार में बाधा डालते हैं, तथा नीतिगत व राजनीतिक चुनौतियों के कारण स्थिति और जटिल हो जाती है। मंत्री ने कहा, पिछले 10-12 वर्षों में हमने गुरुग्राम को बदल दिया है, जबकि दिल्ली स्थिर बनी हुई है। अनधिकृत कॉलोनियां बढ़ गई हैं और अवैध अतिक्रमण बड़े पैमाने पर फैल गए हैं। सौभाग्य से, राजनीतिक परिदृश्य में सुधार हुआ है। आज, इसी मंच से, मैं घोषणा करता हूं कि अगले दो वर्षों के भीतर, हम सभी आवश्यक नीतियों में सुधार करेंगे और दिल्ली की शहरी विकास आवश्यकताओं को हर लिहाज से पूरा करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी विकास ने महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कीं। मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा सरकार और जनता के सुझावों और सिफारिशों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नयी नीतियां पेश कीं और मौजूदा नीतियों में करीब 30 संशोधन किए। अब जब वे केंद्र में कार्यभार संभाल रहे हैं, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को स्वीकार किया जाएगा और उन्हें लागू किया जाएगा। मंत्री ने कहा, अब जबकि मुझे केंद्रीय स्तर पर शहरी विकास का दायित्व सौंपा गया है, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि नयी नीतियों के संबंध में किसी भी सुझाव या चिंता का समाधान आवश्यक सुधारों के साथ किया जाएगा। आप जनता की मांगों से अवगत हैं, और आप जो भी प्रस्ताव देंगे, हम उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में काफी संभावनाएं हैं और उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को तेजी से अपनाने के लिए राज्य की प्रशंसा की। मंत्री ने राज्य से आवश्यकता आधारित अनुमोदन के लिए केंद्र से एकल खिड़की मंजूरी का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और इसकी बढ़ती आबादी के साथ, हमें टिकाऊ जीवनयोग्य वातावरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आवास के साथ-साथ शहरी गतिशीलता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है- बेहतर गतिशीलता आवासीय सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करती है और शहरों को अधिक वांछनीय बनाती है। भोपाल और इंदौर में मेट्रो तंत्र का विस्तार आवश्यक है, और हम गतिशीलता की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। मंत्री ने कहा कि शहर जितना बड़ा होगा, नीति कार्यान्वयन में उतनी ही अधिक चुनौतियां आएंगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की तुलना में भोपाल और इंदौर जैसे शहर छोटे हैं, जिससे नए विकास कार्य आसान हो जाते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि यहां प्रस्तुत नयी नीतियां अत्यधिक आकर्षक हैं, जिनमें लैंड पूलिंग और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) में वृद्धि जैसे विभिन्न नवीन प्रावधान शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश भी अपनी ईवी नीति के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। झुग्गी बस्तियों का पुनर्विकास एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनी हुई है, और इस मुद्दे को हल करने के लिए पीएमएवाई के तहत एक विशेष योजना शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार किराये के आवास क्षेत्र में डेवलपर्स को समर्थन देगी।

## स्टालिन का आरोप, भाषा युद्ध के बीज बो रहा है केंद्र

**तमिलनाडु।** में भाषा को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज एक बार फिर से केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया और कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो राज्य "एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार" है। उनकी टिप्पणी केंद्र की तीन-भाषा नीति पर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत के कई राज्यों ने नीति पर तमिलनाडु द्वारा निर्धारित मार्ग और उसके दृढ़ रुख को समझा है और उन्होंने अपनी चिंताएं व्यक्त करना शुरू कर दिया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने लगातार तीन-भाषा नीति का विरोध किया है। सत्तारूढ़ दल ने बार-बार 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन का हवाला दिया है, जिसके दौरान द्रविड़ आंदोलन ने हिंदी थोपने का सफलतापूर्वक विरोध किया था। हिंदी का वर्चस्व समाप्त नहीं होने तक इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आश्वासन देते हुए स्टालिन ने कहा, हम एक आंदोलन के वंशज हैं, जिसमें एक सिद्धांतवादी सेना थी जिसने तमिल की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। स्टालिन ने कहा कि 1965 से ही द्रमुक का अनेक बलिदान के माध्यम से हिंदी से मातृकी रक्षा करने का इतिहास रहा है।

# सांस्कृतिक संचार का सबसे बड़ा उत्सव है कुंभ: प्रो.संजय द्विवेदी

नूना न्यूज एजेंसी।

**भोपाल।** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि कुंभ सांस्कृतिक संचार, राष्ट्र की एकता और समाज के सनातनबोध का सबसे बड़ा उत्सव है। यह भारतबोध कराने का अनुष्ठान है। वे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में 'महाकुंभ में विज्ञान, अध्यात्म और परंपरा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, प्रो. आर.के. सैनी, डा. गौरी खानविलकर, प्रो. मुन्ना तिवारी और डा. प्रकाश चंद्रा ने भी संबोधित किया। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक कुंभ का संदेश सदियों से बिना विकृत हुए यथारूप पहुंचता था। आज संचार साधनों की बहुलता में संदेश का उसी रूप में पहुंचना कठिन होता है। या तो संदेश की पहुंच में समस्या होती है, या उसके अर्थ बदल जाते हैं और उनकी पवित्रता नष्ट हो जाती है। किंतु प्राचीन समय की संवाद और संचार व्यवस्था इतनी ताकतवर थी कि समाज के सामने कुंभ के संदेश और वहां मिला पाथेय यथारूप पहुंचता था। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि कुंभ हमारे सांस्कृतिक राष्ट्र की समाज व्यवस्था का एक अनिवार्य अंग हैं, जिसके माध्यम से राष्ट्र अपने संकटों के समाधान खोजता रहा है। इन्हीं रास्तों से गुजरकर हम यहां तक पहुंचे हैं। ऋषि परंपरा के उत्तराधिकारी होने के नाते हर संकट में उनका पाथेय ही हमारा संबल बना है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने कहा की भौतिक कल्याण के साथ ही आध्यात्मिक कल्याण भी जरूरी है। भारत केवल भूखंड नहीं है बल्कि वह दर्शन, दृष्टि, विचार का सामंजस्य है। जिसमें ज्ञान और विज्ञान दोनों के ही मूल्य प्रतिष्ठित हैं। विज्ञान, अध्यात्म परंपरा अलग-अलग नहीं है देशानुकूल और युगानुकूल उनकी व्याख्या होती रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे है बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा. मुकेश पाण्डेय ने "समृद्धिप्रद महाकुंभ" विषय पर कहा कि महाकुंभ महज स्नान नहीं, यह सनातन विचारों का महापर्व है। हजारों वर्षों के ज्ञात इतिहास में महाकुंभ ने सनातन धर्म के माध्यम से पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और एकजुटता का संदेश दिया है।

## उत्तर प्रदेश : उन्नाव में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

नूना न्यूज एजेंसी।

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई एक सड़क दुर्घटना में दो बच्चों और उनके पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना सुबह बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब एक कार नियंत्रण खोकर डिवाइडर को पार कर गई और विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी। बांगरमऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद कुमार ने कहा, सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस को दुर्घटना की जानकारी मिली। आगरा से लखनऊ जा रही एक सेंट्रो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे टेंपो ट्रैवलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी की टेंपो ट्रैवलर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि टेंपो ट्रैवलर में सवार यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। सीओ ने बताया कि मृतकों की पहचान राघवेंद्र सिंह कुशवाह (36), उनके पांच साल के बेटे श्रेष्ठ और उनकी डेढ़ साल की बेटी के रूप में हुई है। राघवेंद्र राज्य सचिवालय में दीवान के पद पर कार्यरत थे। इस हादसे में उनकी पत्नी दीक्षा उर्फ नंदिनी (35) को गंभीर चोटें आईं हैं और उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार बाद में दीक्षा को बेहतर इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर में सवार एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आईं, लेकिन उनमें से किसी की मौत की सूचना नहीं है। पुलिस दुर्घटना के कारण की जांच कर रही है।

## लालू को बड़ा लगा झटका, बेटी और तेज प्रताप को भी कोर्ट ने किया तलब

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** की एक अदालत ने मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को जमीन के बदले नौकरी 'घोटाले' से जुड़े सीबीआई मामले में तलब किया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी नया समन जारी किया और उन्हें 11 मार्च को पेश होने के लिए कहा। अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की अंतिम आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद समन जारी किया। एजेंसी ने मामले में 30 सरकारी अधिकारियों सहित 78 लोगों को नामित किया है। ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव और उनके दोनों बेटों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। कथित घोटाला 2004 और 2009 के बीच केंद्रीय रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद के कार्यकाल का है। सीबीआई का मामला मध्य रेलवे में ग्रुप डी की नौकरियों में नियुक्तियों के बदले राजद प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों को सस्ते दरों पर जमीन के कथित हस्तांतरण से संबंधित है। सीबीआई ने मई 2022 में लालू, उनके बेटे-बेटियों और पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## योगी को महाकुंभ के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देना चाहिए : ममता

नूना न्यूज एजेंसी।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है तथा उन्होंने विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की जांच करने का आग्रह किया। बनर्जी ने यहां राज्य



सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि चूंकि उन्होंने कुंभ मेले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है, इसलिए उन्हें तत्काल यह राशि जारी करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ मेले के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी।

## उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में हुए घोटाले की कराई जाए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच- कांग्रेस

**नई दिल्ली।** 25 फरवरी कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षण के उल्लंघन का मुद्दा उठाते हुए घोटाले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों पर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। जबकि शेष 15,863 सीटें अनारक्षित वर्ग के लोगों को दे दी गईं। यह फैसला संविधान में प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ है। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बार-बार संविधान को बदलने की मंशा दिखाई तो दलित समाज और पिछड़े वर्ग ने दिखा दिया कि भाजपा की मनमानी नहीं चलेगी। भाजपा लोकसभा चुनाव में संविधान की ताकत देख चुकी है। इसीलिए वह अब अप्रत्यक्ष रूप से संविधान पर हमला कर रही है। भाजपा द्वारा संविधान में दिए हुए प्रावधानों के ऊपर हमला किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शिक्षक भर्ती घोटाले से स्पष्ट है कि भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों के लोगों को नौकरियों से वंचित रखना चाहती है। यह संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार का खुला उल्लंघन और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह भर्ती घोटाला मध्य प्रदेश के व्यापम घोटाले से भी बड़ा साबित हो सकता है। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि आरक्षित वर्गों के हक पर इस तरह डाका डालना न केवल अवैध है, बल्कि देश के सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। बाबा साहेब अंबेडकर जी ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी, लेकिन भाजपा सरकार दलित, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समाज के लोगों को नौकरियों में हिस्सेदारी से भी वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई कांग्रेस नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार सामाजिक न्याय, हिस्सेदारी, जातिगत जनगणना की बात उठाते रहे हैं। शिक्षक भर्ती घोटाला उन लाखों युवाओं के सपनों पर प्रहार है, जो वर्षों से मेहनत कर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## रेलवे ने महाशिवरात्रि व महाकुंभ की अन्तिम स्नान पर की विशेष तैयारी

### प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना

### स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश





**विनोद कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार**

**नई दिल्ली।** विश्व का सबसे बड़ा महामहोत्सव महाकुम्भ की चर्चा इन दिनों भारत ही नही वरन अन्तराष्ट्रीय पटल पर है। कई सदीयों अथार्त 144 वर्ष के बाद महासंयोग पर इस महापूर्व व महाकुंभ मेला का भव्य व दिव्य आयोजन किया गया है। जैसा कि सर्व विदित है कि इस महाकुम्भ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को होना है। जहाँ पर श्रद्धालु गंगा यमुना और सरस्वती के मिलन स्थल संगम पर स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश, झारखंड और बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आए हुए हैं। इस ने भारतीय रेल की भुमिका अग्रणी रही है। खास कर बीते रविवार और सोमवार को भी बिहार के स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व झारखंड बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए। अमृत स्नान के बाद अपने-अपने शहर वापस जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रेलवे स्टेशनों पर उमड़ना संभावित है।इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेल, पूर्वोत्तर रेल और उत्तर रेलवे ने व्यापक तैयारी की है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर मुस्तैदी के साथ टिके रहने का निर्देश दिया है। रेलवे ने मौनी अमावस्या के दिन 360 से अधिक गाड़ियों का परिचालन करके 20 लाख से अधिक लोगों को उनके गंतव्य स्थान पर भेजने में सफलता पाई थी। महाशिवरात्रि स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अधिक संख्या में ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई गई है और प्रयागराज के समीप वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक रखे गए हैं जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार रेलवे ने प्रारंभ में महाकुंभ के दौरान लगभग 13500 गाड़ियों के चलने की योजना बनाई थी। महाकुंभ के 42वें दिन तक 15000 से अधिक ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं जिनमें बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे की पूरी व्यवस्था की निगरानी का नेतृत्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं किया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार भी लगातार रेलवे बोर्ड से ट्रेनों की मॉनिटरिंग में लग रहे हैं। तीन जोनल रेलवे के महाप्रबंधक भी अपनी टीम के साथ रेलवे व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सभी जोन के महाप्रबंधकों को निर्देश दिया है कि महाकुंभ के यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाए। जरूरत पड़ने पर अधिक संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई जाए।

## जिनागम पंथ दिवस पर निकली भव्य शोभा यात्रा पर हुई फूलों की वर्षा





**नई दिल्ली।** यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सूरजमल विहार के विशाल भव्य सुसज्जित हाल में आज भक्तों से खचाखच भरे हाल में भ्रमणचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज के सानिध्य ने प्रथमतीर्थ प्रवर्तन जिनागम पंथ दिवस का आयोजन किया गया। इस संघ शिरोमणि भाव लिंगी ज्ञान महोत्सव के प्रवक्ता टीनू जैन के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत पर ही पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री हर्षवर्धन सहित अनेक नेताओं ने महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व जैन मंदिर विवेक विहार से जीनागम पंथ दिवस समारोह स्थल तक के मार्ग पर फूलों की बारिश के बीच बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ हजारों भक्तजन महामुनिराज श्री विमर्श सागर जी महाराज की जय जयकार करते हुए निकले। करीब दो घंटे से ज्यादा समय चली यह शोभायात्रा अपराह्न यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंची, यहां महामुनिराज के चरणों की रज और उनका आशीर्वाद ग्रहण करने हजारों भक्त पहले से मौजूद थे इस अवसर पर प्राणियों में एकता, आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए महामुनि विमर्श सागर ने कहा जैन समाज में पंथवाद के नाम पर बिखरती जैन समाज में जीनागम पंथ सामाजिक एकता का सूत्रपात है आयोजन समिति से जुड़े टीनू जैन के अनुसार बहुत ही कम समय में इस महा आयोजन को पूरी तरह सफल बनाने में संजय जैन, मनोज मित्तल, रविन्द्र जैन, राजीव जैन, राकेश जैन, प्रवीण जैन ,शैलेश जैन मनोज मित्तल, आरव जैन, आदि ने दिनरात मेहनत कर-के यमुनापार में पहली बार हुए प्रथम धर्म पर्वतन जिनाग पंथ दिवस को सफल बनाया; इस अवसर पर केशव एंड पार्टी का स्वर संगीत कार्यक्रम और विमर्श रत्न और रूपेश जैन मंच पर भजनों का कार्यक्रम पेश किया रूपेश जैन और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों को सुन यहां मौजूद सभी भक्तजन भक्तिभाव से झूमने लगे ।

## प्रकृति की शुद्धता व मानवता के उत्थान की ओर, पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

नई दिल्ली, फरवरी : परम वंदनीय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी 2025 की स्वर्णिम प्रभात एक नवीन जागृति एवं सेवा के दिव्य प्रकाश का संदेश लेकर आई जिसके अंतर्गत ह्यअमृत प्रोजेक्टह्व के ह्यस्वच्छ जल, स्वच्छ मनह्व के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और उसी के साथ दिल्ली के ग्राउंड नं 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समाज कल्याण प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में आयोजित हुई ह्यअमृत प्रोजेक्टह्व परियोजना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। युवाओं की विशेष भागीदारी इस अभियान का प्रमुख आधार रही। उन्होंने यह भी सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में, पूज्य बाबा हरदेव सिंह जी की अनंत शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस पवित्र अभियान का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी पूर्व की भांति ही ह्यआओ सवारें, यमुना किनारेह्व का उद्घोष करते हुए इस प्रयास को और व्यापक स्वरूप दिया गया। 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 1650 से अधिक स्थानों पर, 10 लाख से भी अधिक सेवाभाव से ओत-प्रोत स्वयंसेवक भक्तों ने एक साथ इस पुनीत अभियान को साकार किया। यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया।

## बी.सी.सी. मॉडल स्कूल ने मनाया 20वां वार्षिकोत्सव, छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति






रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र। (जगजीत सिंह)

नई दिल्ली, फरवरी : बी.सी.सी. मॉडल स्कूल, रोहिणी, दिल्ली ने शाह ऑडिटोरियम में अपना 20वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि शिव कुमार (उप शिक्षा निदेशक, रोहिणी) सहित विशिष्ट अतिथि अनिल पंत, देवसिंह रावत, शगदीश ममगई (पूर्व निगम पार्षद), विनोद सैनी, रविराज मेहता, एन.के. गोयल, एस.के. बंसल, संस्था अध्यक्ष सतीश चंद्र जुयाल, संस्थापक रामप्रसाद भदूला, समाजसेवी देशबंधु ध्यानी और मैनेजर अजयकुमार भदूला उपस्थित रहे। संस्थापक एवं निदेशक रामप्रसाद भदूला ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। समारोह में 200 से अधिक छात्रों ने देशभक्ति गीत, लोक नृत्य, मूक अभिनय और फैंसी ड्रेस प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। शिक्षा विभाग के अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पवन दहिया, सत्यपाल वत्स, दीपक शर्मा, गोपाल बंधु ध्यानी, डॉ. अरुण भदूला, संजय शर्मा, किरन शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने 100 से अधिक मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस शुभ अवसर पर लेखक रामप्रसाद भदूला द्वारा लिखित पुस्तक ह्यपंच ज्ञान सूत्रह्व (भाग-3) का विमोचन किया गया। मंच संचालन दीपा बंसल ने किया।

## प्रधानमंत्री ने एक बार फिर मणिपुर की जनता को गहरी निराशा में छोड़ दिया




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने एक बार फिर मणिपुर की जनता को गहरी निराशा में छोड़ दिया। वे गुवाहाटी गए और वहाँ रात भी बिताई, लेकिन पास ही मणिपुर जाने की जरूरत नहीं समझी। प्रधानमंत्री का यह निर्णय इसलिए भी हैरान करने वाला है, क्योंकि राज्य इस समय राष्ट्रपति शासन के अधीन है। मोदी जी आखिर कब सीधे मणिपुर की जनता से संवाद करेंगे, जिन्होंने पिछले इक्कीस महीनों में भारी तकलीफ, पीड़ा और कष्ट सहे हैं -और यह सब तब हुआ, जब लगभग तीन साल पहले मणिपुर की जनता ने भाजपा और उसके सहयोगियों को इतना निर्णायक जनादेश दिया था? मणिपुर के लोग बस इंतजार कर रहे हैं... इंतजार... और केवल इतंजार...

## 48 सीटें जिताकर बहुमत देने वाली दिल्ली की जनता को अभी तक भाजपा की सरकार से निराशा ही हाथ लगी है : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता के भविष्य और दिल्ली के विकास के निर्णय लेने की जगह दिल्ली विधानसभा सत्र का पहला दिन औपचारिकताओं को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से फोटो हटाने और फोटो लगाने का विरोध और समर्थन में हुई नारेबाजी और शोर शराबे की भेंट चढ़ गया। दिल्ली की जनता ने भाजपा को जिन उम्मीदों से बहुमत दिया, सरकार की ओर से जनता को पहले दिन निराशा हाथ लगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 8 फरवरी को विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद भाजपा को अपना नेता चुनने में इतना समय लगना और बहुमत मिलने के बाद दिल्ली के मंत्रीमंडल के शपथ लेने के बाद अभी तक दिल्ली की जनता से किए हुए वादों को पूरा करने की एक भी घोषणा नही होना भाजपा की नियत पर संदेह पैदा करता है, क्योंकि पहली कैबिनेट बैठक में जनता से की गई घोषणा को लागू करने की बात कही थी, कहीं भाजपा की केन्द्र सरकार के 15 लाख देने और 2 करोड़ रोजगार देने के वादे की तरह दिल्ली की जनता से किए वादे भी जुमला साबित तो नही होंगे? देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में दिल्ली की सत्ता में रही आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और कुशासन उजागर होने के बाद दिल्ली की जनता को उम्मीद थी कि भाजपा केजरीवाल के भ्रष्टाचार की सीएजी की 14 रिपोर्टो को सदन के पटल पर रखेंगी परंतु इस पर भी दिल्लीवालों को निराशा मिली। क्या भाजपा की दिल्ली सरकार भी जनता की अपेक्षाओं पर निष्क्रिय साबित होगी? क्योंकि परिवहन मंत्री ने महिलाओं को मुफ्त यात्रा को बरकरार रखने का सिर्फ मौखिक बयान दिया है, कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में सुधार, हटाए गए GRAP 2 प्रतिबंध

**दिल्ली-एनसीआर।** की वायु गुणवत्ता पर केंद्र के पैनल, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सोमवार को अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण 2 के प्रतिबंधों को रद्द कर दिया। हालाँकि, प्रदूषण के स्तर को प्रबंधित करने के लिए चरण कके तहत उपाय लागू रहेंगे। सोमवार शाम 4 बजे तक, दिल्ली का 24 घंटे का औसत AQI 186 था, जो कि 300 अंक से काफी नीचे है, जिसके लिए स्टेज 2 पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) ने पूवार्नुमान लगाया है कि आने वाले दिनों में दिल्ली का एक्यूआई मध्यम से खराब श्रेणी में रहने की उम्मीद है। एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग बेहतर मिश्रण ऊंचाई, वेंटिलेशन गुणांक और "प्रदूषकों के फैलाव के लिए काफी अनुकूल परिस्थितियों" को बेहतर वायु गुणवत्ता का श्रेय देता है। स्टेज 2 प्रतिबंधों को रद्द करने के साथ, एनसीआर राज्यों से अंतर-राज्यीय बसों को अब दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति है। सर्दियों के दौरान, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र जीआरएपी के तहत प्रतिबंध लागू करता है, जो वायु गुणवत्ता को चार चरणों में वगीर्कृत करता है - स्टेज क (खराब, AQI 201-300), स्टेज II (बहुत खराब, AQI 301-400), स्टेज III (गंभीर, AQI 401-450), और स्टेज IV (गंभीर प्लस, AQI 450 से ऊपर)। वाहन उत्सर्जन, धान-पुआल जलाने, पटाखे और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के साथ प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियां, सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक वायु गुणवत्ता स्तर का कारण बनती हैं।

## विधानसभा सत्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का दिन : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, फरवरी : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज से शुरू हो रहा विधानसभा सत्र सच्ची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में विधानसभा सत्र केवल मनमानी और अराजकता फैलाने का जरिया बने रहे, जहां विपक्ष की आवाज को दबाया गया। सचदेवा ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है कि सदन में विपक्ष को उचित सम्मान मिले, लेकिन बीते एक दशक में दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की बात सुनी ही नहीं गई। उन्होंने इस पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि नई सरकार विधानसभा की गरिमा को पुनः स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रक्रियाओं के सम्मान के प्रति कृतसंकल्प रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब विधानसभा में सभी सदस्यों को बोलने और जनता के मुद्दों को उठाने का पूरा अवसर मिलेगा। भाजपा सरकार पारदर्शिता और सुशासन के साथ दिल्ली की जनता के हित में कार्य करेगी।

## एसजीपीसी के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं धामी, शिरोमणि अकाली दल की महिला विंग ने जताई चिंता

नई दिल्ली, फरवरी : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के इस्तीफे के फैसले से पंथक हलकों में हलचल मच गई थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिरोमणि अकाली दल (दिल्ली) की महिला विंग की प्रधान बीबी रणजीत कौर ने कहा कि एडवोकेट धामी एक योग्य व कुशल प्रशासक हैं, जिन्होंने एसजीपीसी की जिम्मेदारी संभालने के बाद इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। बीबी रणजीत कौर ने कहा कि एडवोकेट धामी के नेतृत्व में एसजीपीसी के अधीन गुरुद्वारे, स्कूल, कॉलेज और अन्य संस्थान लगातार प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने धामी से अपील की कि वे अपना इस्तीफा वापस लें और संगठन की सेवा जारी रखें।

इससे पहले, अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह ने भी स्पष्ट किया था कि सोशल मीडिया पर उनके विचार किसी को इस्तीफा देने के लिए नहीं थे, बल्कि यह उनके मन की बात थी। उन्होंने भी एडवोकेट धामी से एसजीपीसी के हित में सेवाएं जारी रखने का अनुरोध किया है।

## अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत, 25 फरवरी तक बढ़ी गिरफ्तारी पर रोक

**दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आप विधायक अमानतुल्ला खान की सुरक्षा मंगलवार 25 फरवरी तक बढ़ा दी है। अदालत ने मामले को जरूरत पड़ने पर कल अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसे आप विधायक से पूछताछ करने के लिए उनकी हिरासत की जरूरत है कि वह मौके पर मौजूद थे या नहीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान अदालत में विचारार्थ दाखिल किये। उनके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम को बाधित किया था जो शावेज खान को गिरफ्तार करने के लिए इलाके में गई थी, जिसे घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था और कथित तौर पर जामिया नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज 2018 की एफआईआर में वांछित था। इससे पहले दिल्ली के जामिया नगर में 10 फरवरी को पुलिस टीम पर कथित रूप से हमला करने के मामले में समन मिलने के बाद आप विधायक अमानतुल्ला खान पुलिस के सामने पेश हुए थे। दिल्ली की एक अदालत ने 24 फरवरी तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह बिना किसी से बात किए थाने में प्रवेश करते नजर आए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खान को शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह शाम को थाने पहुंचे। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक खान ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा था कि वह फरार नहीं हैं और पुलिस जांच में सहयोग करेंगे। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को खान को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देते हुए उन्हें आदेश दिया था कि जब भी जांच अधिकारी निर्देश दें, वह जांच में शामिल हों। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में ओखला के विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## बिजनैस में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 80 लाख रुपए हड़पे

यमुनानगर, फरवरी : बिजनेस में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर मॉडल कॉलोनी निवासी लगन गुलाटी से 80 लाख रुपये हड़प लिए गए है। आरोपी पंजाब के भटिंडा निवासी तुषार बंसल, केवल कृष्ण बंसल, अरूण मित्तल व शेफाली पर लगा है। पुलिस ने गलन गुलाटी के पिता की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार मॉडल कॉलोनी निवासी सुशील कुमार गुलाटी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसीपल है। उसका लडका लगन गुलाटी पंजाब के भटिंडा निवासी तुषार बंसल के साथ एक कंपनी में काम करता था। इस दौरान उसके लडके लगन गुलाटी की तुषार बंसल के साथ अच्छी दोस्ती हो गई थी। आरोपी तुषार बंसल उनके घर पर आने जाने लगा। इस दौरान आरोपी तुषार बंसल ने उसके लडके को कहा कि वह बिजनेस करना चाहता है। जिसमें वह पैसा इंवेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमा सकता है। अगर वह भी उसके साथ बिजनेस करना चाहता है तो वह भी पैसे इंवेस्ट कर पार्टनरशिप में काम शुरू कर सकते हैं। आरोपी ने उसके लडके को बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके लड़के लगन गुलाटी क बिजनेस में अधिक लाभ कमाने का लालच देकर अपने साथ जोड़ लिया और इंवेस्टमेंट के नाम पर उससे 80 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद वह दोनों गुडगांव में बिजनेस करने लगे। शुरू में उसका लड़का कुछ पैसे घर भेजने लगा। मगर इसके बाद अचानक से आरोपी तुषार बंसल उसके लडके से पैसे लेकर गायब हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जब उसने इस बारे आरोपी युवक के पिता केवल कृष्ण बंसल, जीजा अरूण मित्तल व बहन शेफाली से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के लिाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता का समापन, रेल मंत्री ने इनोवेशन पर दिया जोर

### भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर करेंगे काम



नई दिल्ली, फरवरी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा आयोजित एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को तकनीकी विकास में अग्रणी बनाना है, और इसी दिशा में भारतीय रेल और शिक्षा संस्थान मिलकर कार्य कर रहे हैं। समापन समारोह में आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटी ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम अवॉर्ड, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए गए, जो भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की वैश्विक क्षमताओं को दर्शाते हैं। रेल मंत्री ने घोषणा की कि भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह परियोजना आधुनिक यात्रा तकनीकों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भारत की पहली 422 मीटर लंबी हाइपरलूप टैस्ट ट्रैक आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है, जो देश में रेलवे नवाचार को नई दिशा प्रदान कर रही है।

## समाचार

### व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 के पदाधिकारी ने कांवरियों पर बरसाए पुष्प



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 के पदाधिकारीयो ने नगर के मुख्य मार्गो से गुजर रहे शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया, बताते चले की शिव भक्त कांवरिया अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैं जो नगर के मुख्य बाजार से होकर अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच रहे हैं, जो बुधवार को अपने-अपने गंतव्य पर पहुंचकर भोले बाबा को जल अर्पित करेंगे, इसी को लेकर नगर के व्यापारियों ने भी शिव भक्तों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया और उनकी हौसला अफजाई की, पूरा नगर भोले बाबा के जयकारों से गूंज रहा है, इस मौके पर मुख्य रूप से गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़कवंशी, व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 के प्रदेश सचिव मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, सचिन गुप्ता, मुकुल अग्रवाल,बबलू पाल, राहुल गुप्ता, आकाश अग्रवाल, अंकित गुप्ता, तरुण अग्रवाल, अमरीश ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, गौरव गुप्ता, राघव शर्मा, कुलदीप मित्तल, उमेश कुमार, पवन कुमार, लोकेश अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल आदि सहित दर्जन व्यापारी सुरक्षा फोरम 74/22 के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे।

### हसनपुर पुलिस ने गोकशी के आरोपी, 25000 के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार की देर रात हसनपुर कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ के बाद एक 25000 रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया बताते चले की हसनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शोहरका मार्ग स्थित स्टेडियम के पास आम के बाग में एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बदमाश जीशान को घेर लिया, बदमाश जीशान ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस ने आरोपी बदमाश जीशान की घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार कर लिया, बताते चलें कि जीशान पर पशु क्रूरता अधिनियम, गोकशी व अन्य कुल सात मुकदमे दर्ज हैं, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हसनपुर पुलिस की पीठ थपथपाई है।

### चेयरमेन राजपाल सैनी व नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी ने शिव भक्तों का किया जोरदार स्वागत



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी ने हरिद्वार से पैदल चलकर जल लेकर आ रहे शिव भक्तों का पुष्प बरसा कर एवं पुष्पों की माला पहनकर जोरदार स्वागत किया, बताते चले की हसनपुर नगर से हरिद्वार से जल लेकर कावड़ लेकर आने वालों की संख्या पिछली बार से भी अधिक है तथा नगर के ब्लॉक प्रांगण पर लगे भंडारे में शिव भक्त रुके हुए हैं जो बुधवार को भोले बाबा को जल अर्पित करेंगे, इसी क्रम में जल लेकर आए शिव भक्तों का पालिका अध्यक्ष ने पूरे श्रद्धा भक्ति के साथ स्वागत किया एवं जलपान भी कराया, इस मौके पर उन्होंने कहा कि भोले बाबा की महिमा अपरंपार है कई सो किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर जल लेकर आना अपने आप में एक बहुत ही हिम्मत का काम होता है और ऐसे शिव भक्तों को हम नमन करते हैं, इस मौके पर उनके साथ प्रमोद रोहिल्ला अंकुर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक युवा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष बने शाहजेब



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सी ओ चौधरी उम्मेद सिंह की संस्तुति पर जिला प्रभारी अमरोहा किशनपाल सिंह की सहमति पर हसनपुर युवा ब्लॉक अध्यक्ष हाजी कमाल बंजारा द्वारा हसनपुर नगर के मोहल्ला कुम्हारान कोट पूर्वी निवासी शाहजेब पुत्र इंतखाब आलम को युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया, तथा वरिष्ठ पदाधिकारीयो ने नव मनोनीत युवा नगर अध्यक्ष शाहजेब से संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी निष्ठापूर्वक कार्य करने की उम्मीद जताई है, तथा जल्द से जल्द अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करने की भी बात कही है, वही नव मनोनीत युवा नगर अध्यक्ष शाहजेब ने वरिष्ठ पदाधिकारी को निष्ठा एवं लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया है, वही आपको बता दे की युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद उनके आवास पर समर्थकों ने उनका फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया तथा मिठाई भी खिलाई कार्यकताओं ने नव मनोनीत युवा नगर अध्यक्ष को फूल मालाओं से लाद दिया।

## सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल के विरोध में किया गया प्रदर्शन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** मंगलवार को अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने नारेबाजी भी की, बताते चलें कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 को लागू किया जा रहा है इसके विरोध में पूरे भारत में अधिवक्ताओं ने इस बिल को अधिवक्ताओं के हितों के साथ अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए इस बिल को निरस्त किए जाने की मांग की जा रही है इसी क्रम में हसनपुर में भी अधिवक्ताओं द्वारा इस बिल के विरोध में लगातार आवाज उठाई जा रही है इसी क्रम में मंगलवार को सिविल कोर्ट बर एसोसिएशन हसनपुर के द्वारा सिविल कोर्ट के बाहर गेट पर इस बिल के विरोध में जोरदार नारेबाजी करते हुए इस बिल को वापस लिए जाने की मांग कि गई सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने बताया कि सरकार इस बिल को लागू न करें अन्यथा अधिवक्ता और भी उग्र आंदोलन करने को विवस होंगे, वहीं उन्होंने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द से जल्द लागू किया जाए तथा अधिवक्ताओं का बीमा कर भी बढ़ाया जाए इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष हुसैन खा, महासचिव टेकचंद सिंह राणा, मुदित कुमार शर्मा, नीरज कुमार त्यागी, गौरव शर्मा, नरेश सिंह राणा, जगदीश सिंह, जगपाल सिंह, संगीता शर्मा, धीरेंद्र सिंह, गंगा शरण, चंद्रशेखर चौहान, सुहैल परवेज, नंदराम सिंह, मुस्थितजातबुद्दीन आदि सहित दर्जनों अधिवक्ता गढ़ मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया, हुई कलम बंद हड़ताल

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देश पर तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 35 ए,45 बी तथा 49 बी के विरोध में कलमबंद हड़ताल रखी गई, बताते चलें कि अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रस्तावित संशोधित काला कानून वापस लेने की मांग की । अध्यक्ष चंद्र सैन अग्रवाल के नेतृत्व तथा महासचिव मदन कुमार राणा के संचालन में अधिवक्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और सरकार से प्रस्तावित संशोधन को वापस लेने की मांग दोहराई, अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक क्रमिक धरना आयोजित किया और समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्य के अलावा सब रजिस्ट्री कार्यालय में भी पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया, इस मौके पर बार के अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल ने प्रस्तावित संशोधन को अनावश्यक व अधिवक्ताओं की संवैधानिक स्वतंत्रता व स्वायत्तता के विरुद्ध बताया और वापस लेने की मांग की , पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने प्रस्तावित संशोधन विधेयक को अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का हनन तथा अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध बताया, इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से चंद्रसेन अग्रवाल अध्यक्ष, महासचिव मदन कुमार राणा,पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी व महीपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगा सरन खड़गवंशी व महावीर सिंह चौहान, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, सुबोध शर्मा, विनोद सक्सेना, सुनील भटनागर, वीर सिंह त्यागी,अरूण कुमार, राजीव शर्मा, मयंक अग्रवाल, नुसरत अली, रमेशचंद्र,मो. यामीन, जयप्रकाश सैनी, प्रेमचंद मौर्या, मौ.सद्दाम, महावीर सिंह भाकियू, मंगल सेन शर्मा, रामेश्वर सरन, मंसूर फारूकी, हरिश्चंद्र, जसपाल, रमेश चंद्र राणा, सूर्य प्रताप सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने किया कुंभ मेला : हिंदू जगत का सूक्ष्म दर्शन पुस्तक का विमोचन

**गोरखपुर।** 25 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर में स्मृतिशेष इतिहासकार, पुरातत्वविद एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य प्रो. ज्ञानेंद्र कुमार राय द्वारा रचित पुस्तक कुंभ मेला :माइक्रोकॉस्म ऑफ द हिंदू वर्ल्ड (कुंभ मेला : हिंदू जगत का सूक्ष्म दर्शन) का विमोचन किया। यह पुस्तक लिखने के दौरान ही प्रो. राय का गोलोकगमन हो गया था और उनके बाद उनकी पुत्री डॉ. स्मिता राय ने इसे पूरा किया तथा पत्नी आशा राय ने इसका प्रकाशन सुनिश्चित कराया। लेखन शुरू करने के साथ ही प्रो. राय की इच्छा थी कि इस पुस्तक का विमोचन सनातन मानबिंदुओं को वैश्विक फलक पर प्रतिष्ठित करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से हो। पुस्तक विमोचन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखक स्वर्गीय प्रो ज्ञानेंद्र राय के परिवार को अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विमोचन



प्रति पर लिखा, महाकुंभ के महात्म को दुनिया देख रही है। कुंभ मेला पर आधारित इस पुस्तक का विमोचन अद्भुत है। पुस्तक कुंभ मेला :माइक्रोकॉस्म ऑफ द हिंदू वर्ल्ड में कुंभ मेले की ऐतिहासिक यात्रा का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें प्राचीन ग्रंथों में कुंभ मेले के उल्लेख से लेकर मध्यकालीन और आधुनिक काल के दौरान इसके विकास तक को समाहित किया गया है। महाकुंभ का महापर्व समय के साथ सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों के अनुसार कैसे ढला, इसके बावजूद अपनी आत्मा को कैसे संरक्षित रखा, इसका यह पुस्तक एक सूक्ष्म और गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इस पुस्तक में ऐतहासिक संदर्भो से इस तथ्य को प्रतिष्ठित किया गया है कि कुंभ मेला सनातन अथवा हिंदुत्व को नजदीक से समझने का महत्वपूर्ण दर्शन है। यह महज एक धार्मिक जुटान नहीं है बल्कि हिंदुत्व की शक्ति और अनेकता में एकता के सनातन संदेश का साक्ष्य है। कुंभ की इन्हीं विशेषताओं से यूनेस्को ने इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की मान्यता दी है। प्रो. राय की इस पुस्तक प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में आयोजित होने वाले कुंभ मेले के विविध आयामों पर समग्र दृष्टि डालती है। इसमें अखाड़ों के इतिहास, उनकी परंपरा और सनातन धर्म की रक्षा में उनके महत्व को विस्तार से रेखांकित करती है। इससे यह समझने का भी अवसर मिलता है कि कल्पवास, कुंभ मेले का जीवन कैसे सनातन की जीवंत परंपरा का परिचायक है।

## शिवालय मंदिरों पर तैयारी पूर्ण, आज होगा भोले बाबा का महा जलाभिषेक

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** हसनपुर नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में सभी शिवालय मंदिरों पर जलाभिषेक को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है, तथा आज बुधवार को प्रातः काल से ही भोले बाबा को जल चढ़ाने के लिए भक्तगण शिवालयों पर पहुंचकर भोले बाबा का महा जलाभिषेक करेंगे, बता ते चलें कि क्षेत्र के ग्राम फूलपुर, आदमपुर, सैद नंगली, रहरा, ढवारसी, उझारी आदि शिव मंदिर सहित हसनपुर नगर के मुख्य शिवाला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों पर भोले बाबा के जलाभिषेक को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है बता दे कि हसनपुर नगर के मुख्य मंदिर शिवाला मंदिर पर भोले बाबा का जलाभिषेक बुधवार को प्रातः काल से ही प्रारंभ हो जाएगा जो देर रात्रि तक चलेगा, शिवाला प्रबंधन समिति के अंकुर अग्रवाल ने बताया कि शिवाला प्रबंध कमेटी द्वारा सभी तैयारी पूरी कर ली गई है तथा भक्तों को क्रमानुसार जल चढ़ाने के व्यवस्था की गई है, वहीं पुलिस प्रशासन के सहयोग से तथा आम जनता के सहयोग से शिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाएगा,उन्होंने बताया कि प्रातः काल से ही भक्तगण जल चढ़ाने के लिए लाइनों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करेंगे तथा वैकुंठ तथा झूला कावरों को 9 बजे के बाद चढ़ना प्रारंभ किया जाएगा वही खड़ी कावरों को चौदस लगने के बाद संध्या काल में चढ़ावाया जाएगा।

## हिमाचल के मुख्यमंत्री से लेकर उद्योगपतियों और श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान

**महाकुम्भ नगर, 25 फरवरी।** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 का पावन पर्व आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति की अद्भुत झलक प्रस्तुत कर रहा है। संगम तट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है, जहां आमजन से लेकर राजनेता, उद्योगपति और फिल्मी सितारे तक पुण्य अर्जित करने पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, रिलायंस इंडस्ट्रीज की ईशा अंबानी, अभिनेत्री रवीना टंडन और कई अन्य गणमान्य लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई।महाशिवरात्रि से पहले संगम तट पर उमड़ी भीड़, भक्तों के अटूट विश्वास और दिव्यता की झलक बयां कर रही है।

**हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया संगम स्नान**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने परिवार संग त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "मैंने देश और प्रदेश की शांति के लिए प्रार्थना की है।" उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर ने कहा, "यह हमारे हिंदू धर्म का संगम है, यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

**ओडिशा के राज्यपाल ने भी लिया पवित्र स्नान**

ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने भी त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, "यह एक अद्भुत अनुभव है और यूपी सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की हैं।

**ईशा अंबानी और आनंद पीरामल ने भी लगाई आस्था का डुबकी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बोर्ड सदस्य ईशा



अंबानी पीरामल और उनके पति आनंद पीरामल ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के साथ उन्होंने पवन स्नान किया। इस दौरान अभिनेत्री रवीना टंडन ने भी आस्था की डुबकी लगाई और महाकुम्भ में अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

**JMM नेता महुआ माजी ने की व्यवस्थाओं की सराहना**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) की नेता महुआ माझी ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया और कहा, "यह आस्था का पर्व है... हम आज आए हैं क्योंकि कल महाशिवरात्रि है और भीड़ बहुत बढ़ जाएगी। व्यवस्थाएं अच्छी हैं और इतने बड़े जनसमूह को संभालना एक बड़ी जिम्मेदारी है।

## गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस नाकाम, हिंदू संगठनों ने की बुलडोजर कार्रवाई की मांग!

### गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपियों को पुलिस द्वारा खुली छूट, नहीं हो रही गिरफ्तारी

**पीलीभीत।** दो महीने की लंबी लड़ाई, अनगिनत गुहार और सोशल मीडिया पर भारी दबाव के बाद गैंगरेप पीड़िता को आखिरकार न्याय की उम्मीद तो मिली, लेकिन अब भी इंसाफ अधूरा! पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। गैर समुदाय के युवक ने प्रेम जाल में हिन्दू युवती कों फंसा कर तब घटना को अंजाम दिया जब उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर निकाह करने से इनकार कर दिया जिससे खिन्न होकर आरोपी प्रेमी राज उर्फ माजिद ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना ने जब सोशल मीडिया पर सुर्खियां बताना प्रारंभ किया तब पुलिस में आनंदनऑफानन में मुकदमा तो



दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों की मदद करना नहीं छोड़ा जिस कारण आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं और पीड़िता के ऊपर दवाब बना रहे हैं। गैंग रेप जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी खुले में सांस ले रहे हैं।

* लखीमपुर खीरी की युवती ने पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गैर समुदाय के युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया था।

* पुलिस से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, जब सोशल मीडिया पर मामला गमार्या, तब जाकर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

* अब गुनहगारों के परिवार वाले पीड़िता पर समझौते का दबाव बना रहे हैं, धमकी दी जा रही है कि अगर मामला वापस नहीं लिया तो जान से मार दिया जाएगा।

* अब हिंदू संगठनों ने इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है, वे आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि झ आखिर पुलिस चुप क्यों है? आरोपियों पर अभी तक कोई सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या पीड़िता को मिलेगा इंसाफ या फिर दबाव में दब जाएगी उसकी आवाज?

कानून व्यवस्था पर उठ रहे हैं सवाल! प्रशासन कब जागेगा?

## सपा सरकार में हर काम को समाजवादी नाम दिया जाता था जबकि पैसा सरकारी होता था: सीएम योगी

**लखनऊ, 25 फरवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न का जवाब देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में बताया। सीएम ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के किसी भी गरीब के लिए उपचार कराना कठिन नहीं रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। वहीं सरकारी कर्मचारियों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस स्वास्थ्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य की सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले आठ वर्षों में हर जरूरतमंद को इलाज के लिए बिना किसी भेदभाव के धनराशि उपलब्ध करायी गयी है।

**मेडिकल कॉलेज में अच्छी फैकल्टी और सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाने की दिशा में हो रहा तेजी से काम**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में केवल पार्टी से जुड़े लोगों को ही इलाज के लिए पैसा



दिया जाता था। उस दौरान हर कार्य को समाजवादी नाम दिया जाता था जबकि पैसा सरकारी होता था। यही हाल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के पैसा का भी हो गया था, लेकिन अब समाजवादी सरकार नहीं है। आज हमारी सरकार संवेदनशील तरीके से बिना किसी भेदभाव के प्रदेशवासियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं सरकार इलाज के दौरान अतिरिक्त धनराशि की मांग को भी पूरा कर रही है क्योंकि कोई भी मानव क्षति परिवार के साथ समाज और प्रदेश की भी क्षति होती है। हम इस भाव के साथ काम कर रहे हैं। प्रदेश में आजादी के बाद से वर्ष 2017 तक केवल 17 मेडिकल कॉलेज सरकारी क्षेत्र में थे जबकि आज हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण की कार्रवाई तेजी से चल रही है। इन मेडिकल कॉलेजों में अच्छे प्रोफेसर लगातार तैनात किये जा रहे हैं। इसके लिए जिलाधिकारियों को अपने स्तर से भी अच्छे डॉक्टर्स को जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं। मेडिकल कॉलेज में अच्छी फैकल्टी और सुपर स्पेशलिटी के ब्लॉक बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा हर रविवार को हर पीएचसी स्तर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज प्रदेश के हर जिले में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है।

## रमजान का महीना इंसान के गुनाहों की माफी का सबसे अच्छा माध्यम: मौलाना सै0सैफ अब्बास

**लखनऊ।** 25 फरवरी 2025... मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी जारी अपने एक बयान मे कहा कि रमजान का महीना आ रहा है, सभी मुसलमान अल्लाह की शरण में जा रहे हैं, इसलिए हर मुसलमान का कर्तव्य है कि वह अल्लाह की शरण में जाने की तैयारी करे। दरअसल, रमजान में पाप माफ कर दिए जाते हैं।



अगर कोई व्यक्ति इस महीने में अपने बुरे कर्मों से शर्मिंदा हो और इन पापों से पश्चाताप करने और अल्लाह का आज्ञाकारी सेवक बनने का वादा करे, तो खुदा उसके सभी पाप माफ कर देंगा। खुदावंदे आलम कहता हैं कि मेरे बंदे, अल्लाह की दया से निराश न हो। यकीनन अल्लाह सभी पापों को क्षमा करने वाला है। मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी कहा कि रमजान से पहले गुनाहगार इंसान को यह पक्का इरादा कर लेना चाहिए कि मैं रमजान में अल्लाह की रहमत और बरकत से फायदा उठाऊँगा और अपनी जिंदगी में बदलाव लाऊँगा और अपने आप को अपने इमाम (अ.स.) के सामने अपने किरदार को इस तरह संवारने के काबिल बनाऊँगा कि मेरे कर्म उनके लिए जीनत होंगे। मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी आखिर मे कहा कि रमजान का एक महत्वपूर्ण मक्सद यह

# अंबाला

## एम.एम. इंटरनैशनल स्कूल में किंडरगार्टन दीक्षांत समारोह और बेबी शो



कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य व अन्य।

बराड़ा, फरवरी : एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल मुलाना में बीते रविवार को किंडरगार्टन के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह और बेबी शो ह्यब्लूमिंग बड्सह्ल का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे बच्चों की मासूमियत और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। इस दीक्षांत समारोह के दौरान किंडरगार्टन कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, कविता वाचन और अन्य कार्यक्रम शामिल थे। इस दौरान आगोजित बेबी शो में स्कूल के बाहर के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लिया। रैम्प वॉक, चित्रकला, तंबोला, ग्रिप एंड पिक, टनल पार करना, स्पिन द व्हील और फेस पेंटिंग जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं ने बच्चों और अभिभावकों दोनों को आनंदित किया। स्कूल की निर्देशिका डॉ. पारुल नागपाल और प्रधानाचार्या सुनीता दोसाज ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। अभिभावकों ने इस सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन और स्टाफ को बधाई दी और कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव को मजबूत करने का एक सराहनीय प्रयास है।

## राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस पर खालसा गर्ल्स कॉलेज में नि:शुल्क डैंटल चेकअप कैंप




कैम्प में स्टूडैंट्स के दांत चेक करते हुए डॉक्टर्स की टीम।

बराड़ा, फरवरी : राष्ट्रीय पेरियोडोंटिस्ट दिवस के अवसर पर संत मोहन सिंह खालसा लाबना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा में कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज के मार्गदर्शन में महर्षि मार्कंडेश्वर डेंटल कॉलेज मुलाना द्वारा एक निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सेल की इंचार्ज सरला सेठी और एनएसएस इंचार्ज डॉ. पूजा बैरागी के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में लगभग 500 छात्राओं का निशुल्क दंत परीक्षण किया गया। इस कैंप का उद्देश्य छात्राओं को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नियमित जांच के महत्व को समझाना था। डैंटल चेकअप टीम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सचदेवा ने किया। उनके साथ डॉ. छाया मंगला, डॉ. तजिंदर सिंह संधू, डॉ. हरलीन कौर, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ. शंकर सुबरा, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. हर्ष, डॉ. निखिल और डॉ. अरोमा मौजूद रहे। टीम के सदस्यों ने छात्राओं को बताया कि दांतों की सफाई केवल ब्रश करने तक सीमित नहीं है, बल्कि मसूड़ों की उचित देखभाल से दांतों की लंबी उम्र और मजबूती सुनिश्चित की जा सकती है। इस मौके पर सरला सेठी ने कहा कि नियमित दंत जांच से दांतों से जुड़ी जटिल समस्याओं से बचा जा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ के सभी सदस्य और भारी संख्या में छात्रा उपस्थित रहीं।

## ट्रेनिंग एंड जॉब ऑपर्चुनिटीज इन ट्रैवल एंड टूरिज्म विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



कार्यशाला के दौरान शिक्षक व विद्यार्थी।

अम्बाला छावनी, फरवरी : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबाला छावनी में पर्यटन विभाग के तत्वावधान में ट्रेनिंग एंड जॉब ऑपर्चुनिटीज इन ट्रैवल एंड टूरिज्मह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा के शुभकामना संदेश से हुआ। इस कार्यशाला में अराइज टूर एंड ट्रैवेल कंपनी डायरैक्टर विकास शर्मा ने विशेषज्ञ की भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस तरह वे पर्यटन के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि वे पर्यटन के क्षेत्र में एक स्टार्टअप स्थापित कर ना केवल स्वयं के लिए, बल्कि अन्य व्यक्तियों के लिए भी रोजगार सृजन कर सकते हैं। इन कार्यशाला में व्याख्यान के साथ-साथ रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिसमें 16 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के तुरंत बाद जॉब आफर लेटर दिए गए। इस कार्यशाला में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में पर्यटन विभाग के प्रोफेसर डॉ. दलीप ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## डीएवी स्कूल में महर्षि दयानंद जयंती के अंतर्गत चित्र बनाओ एवं नारा लेखन प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में सम्मानित डीएवी स्कूल के बच्चे।

नारायणगढ़, फरवरी : महर्षि दयानंद जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत चित्र बनाओ एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में आर्या प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभाएहरियाणा के निदेर्शानुसार महर्षि दयानंद जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत चित्र बनाओ और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास से किया, जिसमें कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का प्रारंभ गायत्री मंत्र द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक रंगों में चित्र बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कक्षा सातवीं में सिदकप्रीत प्रथम मनमीत कौर द्वितीय और पुलकित तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा छठी में गौरी शर्मा प्रथम ए परमिन्द्र कौर द्वितीय और पलक तृतीय स्थान पर रहीं ।प्रधानाचार्य डॉण्आर ण्पी ण्राठी ने महर्षि दयानंद जयंती की शुभकामनाएँ दी और प्रथम एद्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उन्होने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को स्वामी दयानंद के सिद्धांतों और वैदिक संस्कृति से अवगत कराना है एवं मंत्रों के उच्चारण से हमारा मन शांत व एकाग्र रहता है। प्रतियोगिता का समापन शांति पाठ द्वारा किया गया।

## चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का न करें प्रयोग: उत्तम सिंह

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता के साथ पालना करना सुनिश्चित करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के सहयोग की जरूरत है। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो जिससे विभिन्न समुदायों/जातियों/धर्मों के बीच मतभेद, नफरत एवं तनाव पैदा हो। वोट हासिल करने के लिए जातीय एवं सांप्रदायिक अपील न की जाए। कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च,



गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल न करे। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन का उपयोग झंडा फहराने, बैनर लगाने, नोटिस चिपकाने, नारे इत्यादि लिखने के लिए न करें। अठाईस फरवरी को शाम 6 बजे प्रचार बंद हो जाएगा। मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना, धमकाना या अन्य प्रकार का कोई प्रलोभन देना एक कानूनन अपराध है, यदि कोई प्रत्याशी अथवा कार्यकर्ता ऐसा करता हुआ पाया गया तो जिला प्रशासन/ राज्य चुनाव आयोग उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मतदान के दिन कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक अपने वाहनों में न लेकर जाए। डीसी ने कहा कि प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही राजनीतिक सभाओं का आयोजन किया जाए। चुनाव में सभी राजनीतिक दल, प्रत्याशी व उनके समर्थक भाईचारा ?

## निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव ने आर्य कॉलेज के बच्चों को पढाया स्वच्छता का पाठ।

**करनाल सुखविंदर सोही**



**करनाल।** मंगलवार को आर्य कॉलेज पानीपत के सभागार में नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव ने कॉलेज के विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा स्वच्छता अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया गया है। इस अवसर पर स्वच्छता पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को निगम आयुक्त डॉ पंकज यादव द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर आर्य कॉलेज के प्रधानाचार्य जगदीश गुप्ता, नगर निगम के उप निगम आयुक्त अरुण भार्गव भी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त डॉक्टर पंकज यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है और हमें बेहतर तरीके से सोचने व समझने की ताकत भी प्रदान करता है। अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र स्वच्छता है। अपने भविष्य को शानदार और स्वस्थ बनाने के लिये हमें हमेशा खुद का और अपने आस-पास के पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिये।

## बिजली शिकायतों की सुनवाई कल

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक नसीब सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को प्रातः: 11 बजे स्थान राजीव गांधी विद्युत भवन रोहतक के कांफ्रेंस हाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## द एस.डी. विद्या स्कूल, अंबाला छावनी में अनोखा कार्यक्रम

### हमारा विद्यालय हमेशा खुली चर्चा और ईमानदारी को प्रोत्साहित करता है : संधू

अम्बाला छावनी, फरवरी : अंबाला छावनी के एस.डी. विद्या स्कूल में ह्यएस.डी.वी. की अदालत नामक एक अनोखा और अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की निर्देशक प्राचार्या नीलइंद्रजीत कौर संधू को अदालत की कटघरे में बिठाकर प्रश्नोत्तरी की गई। यह कार्यक्रम अध्यापकों को अपनी प्राचार्या के साथ सीधा संवाद स्थापित करने और उनके मन में उठने वाले सवालों के जवाब पाने का अनोखा अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अध्यापिका वंदना शर्मा ने अपने औपचारिक और हार्दिक स्वागत भाषण से समस्त उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया। इस अनोखी अदालत में न्यायाधीश की भूमिका चार्टर्ड अकाउंटेंट ए.डी. गांधी ने निभाई, जबकि बैलीफ के रूप में प्रदीप ने कार्यभार संभाला। मेजबान नरेंद्र अग्रवाल ने अपनी बेहतरीन होस्टिंग



अदालत की कटघरे में बेथ कर प्रश्नोत्तरी का जवाब देते प्राचार्य नीलइंद्रजीत कौर संधू।



कार्यक्रम के दौरान सभागार में मौजूद अध्यापकगण व विद्यार्थी।

और रोचक प्रश्नों के माध्यम से कार्यक्रम को मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बना दिया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उल्लास से भर गया

इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने प्राचार्या से शिक्षा, करियर, व्यक्तिगत विकास, और जीवन मूल्यों पर अनेक प्रश्न पूछे। नीलइंद्रजीत कौर संधू ने बड़ी आत्मीयता और सरलता से सभी सवालों के उत्तर दिए, साथ ही अपने अनुभवों और विचारों को साझा करते हुए श्रोताओं को प्रेरित भी किया।

उन्होंने शिक्षकों द्वारा दिए गए रचनात्मक सुझावों को स्वीकार करते हुए उन्हें क्रियान्वित करने का आश्वासन भी दिया। उनका स्नेहपूर्ण और पारदर्शी संवाद उपस्थित जनसमूह को बहुत भाया।

निर्देशक प्राचार्या नीलइंद्रजीत कौर संधू ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए एक अनमोल अवसर था, जिससे उन्होंने अपने विचार और जिज्ञासाएं स्वतंत्र रूप से साझा कीं। विद्यालय के अध्यक्ष बी.के. सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने कर्मचारियों और विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें सशक्त बनाए, उन्हें खुशहाली का अनुभव कराए और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करे। ऐसे कार्यक्रम निश्चय ही भविष्य में भी विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करेंगे और विद्यालय के समग्र विकास में योगदान देंगे।

## हमें शिव निराकार परमात्मा को हाजिर मानते हुए श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए : गुरपालसिंह

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 89 शिव जयंती मनाई

नारायणगढ़, फरवरी : शहजादपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 89 शिव जयंती मनाई जिसमें पूर्व चेयरमैन हरियाणा एवं आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश के उपाध्यक्ष गुरपाल सिंह मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और उन्होने सम्बोधित करते हुए एक 86 वर्षीय महिला बुर्जुग की एक सच्ची घटना बताते हुए कहा कि एक बुजुर्ग महिला जो धार्मिक संस्था के जुड़ने के कारण वह अपनी बुढ़ापा पेंशन उसे दान सेवा में लगा देती थी एक दिन उनके घर पर साधु आया




मुख्यातिथि गुरपालसिंह को सम्मानित करते प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय।

जिसने खाना मांगा 86 साल की बुजुर्ग अंदर से खाना लेकर आई तो वह साधु घर से चला गया था उसे बुजुर्ग माता ने साधु को गांव में गली.गली में बहुत ढूंढा लेकिन कहीं नहीं मिला बुजुर्ग माता घर पर पहुंची और साधु को बगैर खाने पर बहुत ही पश्चाताप किया कुछ समय के बाद उनकी सेहत बहुत बिगड़ गई माता जी का देहांत हो गया और गुरपाल सिंह ने कहा जब मैं शोक प्रकट करने के लिए उनके बेटों से मिला तो उनके बेटों ने कहा कि हमारी माताजी धार्मिक आस्था से जुड़ने के कारण भगवान ने उनकी मृत्यु पर भी एक सुंदर रथ पर लेकर गए और हमें शिव निराकार परमात्मा को हाजिर मानते हुए श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए उसे मलिक के दरबार में श्रेष्ठ कर्म को पूछा जाएगा न की जात-पात और इस बात को सुनकर श्रद्धालु बहुत ही प्रभावित हुए। अंबाला कैंट से पहुंची बीके रानी बहन ने भी कहा कि शिव परमात्मा पर बेल पत्र और निरंतर गिरती दूध की बूंद बूंद गिरने पर रहस्य बताया और नारायणगढ़ से आईबीके हरदीप बहन ने कहां शिव परमात्मा संगम युग पर अवतरित हुए हैं शिव परमात्मा का परिचय जन जन तक पहुंचना है। इस अवसर पर डिप्टी राणा, ज्ञानचंद धीमान, जैसमेर जाट, भूपेंद्र राणा, बीके अनिल अंबाला कैंट से बीके एडवोकेट कमलेश गुप्ता ,मोहन और काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नपा बराड़ा चुनाव हुआ रोमांचक, स. हरजिन्द्र सिंह, रजत मलिक व डा. कुलदीप शर्मा में त्रिकोणीय मुकाबला

### प्रत्याशियों की उड़ी नींद, लोग कर रहे है अजीबों गरीब मांगें, कई प्रत्याशी अंदरखाने कर रहे है तौबा-तौबा

बराड़ा, फरवरी : नगर पालिका बराड़ा के चुनाव को अब मात्र कुछ दिन ही शेष बचे है ऐसे में चेयरमैन सहित सभी 16 वार्डो में चुनाव अभियान अपने पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। बराड़ा सहित आस-पास के कई क्षेत्र के लोगों की निगाह इन दिनों अगले नपा चेयरमैन पर लगी हुई है। शहर में चल रही चर्चाओं के अनुसार चेयरमैन पद का चुनाव लड़ रहे 7 उम्मीदवारों में से फिलहाल तीन उम्मीदवारों भाजपा से स. हरजिन्द्र सिंह, भाजपा से बागी होकर आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे रजत मलिक व आजाद उम्मीदवार डा. कुलदीप शर्मा के बीच तिकोणीय मुकाबला होता दिखाई दे रहा है। वैसे पिछले दिनों



स. हरजिन्द्र सिंह, रजत मलिक व डा. कुलदीप शर्मा।

**कांग्रेस में दिख रहा बिखराव, कांग्रेसी कर रहे है भाजपा वालों को समर्थन**

हुई सी.एम. नायब सैनी की रैली के बाद यहां भाजपा उम्मीदवार स. हरजिन्द्र सिंह के पक्ष में अच्छा खास माहौल बना हुआ है और चर्चाओं के अनुसार वह जीत के प्रबल दावेदार भी माने जा रहे है लेकिन वहीं चर्चाओं के अनुसार अंदरखाने कुछ भाजपाई रजत मलिक को भी अपना समर्थन दे रहे है। वहीं कांग्रेस पार्टी द्वारा उम्मीदवार न उतारने के कारण कई कांग्रेसी भी अंदरखाने रजत मलिक को अपना समर्थन दे सकते है। ऐसे में फिलहाल चेयरमैन पद का महामुकाबला स. हरजिन्द्र सिंह व रजत मलिक के बीच होता दिखाई दे रहा है। वहीं डा. कुलदीप शर्मा भी अपने चुनावी अभियान को गति देते हुए दिखाई दे रहे है।

भाजपा ने रजत मलिक को 6 वर्षो के लिए किया निष्काषितः भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे रजत मलिक को भाजपा शीर्ष कमान ने उनकी प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर उनको 6 वर्षो के लिए निष्काषित कर दिया है जिसकी आज दिन भर चर्चा होती रही। भाजपा पार्टी से तालुक रखने के कारण दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ता अभी तक रजत मलिक को खुलकर समर्थन नहीं दे रहे थे लेकिन उनकी भाजपा से सदस्यता खत्म होने के बाद कई अन्य पार्टियों के लोग उनके समर्थन में खुलकर सामने आने शुरू हो सकते है।

### नपा चुनाव में बिखरता दिख रहा हैं कांग्रेस का कुनबा

**बराड़ा** नपा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा उम्मीदवार न उतारे जाने से जहां क्षेत्र के लोगो में हैरानगी है वहीं कुछ कांग्रेसियों के भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मैदान में खुले उतरने से बराड़ा से कांग्रेस पार्टी के कुनबे में बिखराव को लेकर भी खूब चर्चाएं चल रही है। खासतौर पर बराड़ा के पूर्व सरपंच गुरमीत सिंह वधवा टीटू सहित कुछ कांग्रेसी खुले तौर पर भाजपा उम्मीदवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वोट मांग रहे है और उनके समर्थन में दिन रात एक किए हुए है ऐसे में बराड़ा में खूब चचाएं चल रही है कि आने वाले दिनों में क्या कांग्रेस पार्टी के कुनबे में बिखराव होने वाला है और यहां अटकले यह भी लगाई जा रही है कि आने वाले दिनों में कुछ कांग्रेसी टूट कर भाजपा की झोली में बैठ सकते है।

### मतदाता उम्मीदवारों से घुटने रगड़वा रहे है

**बराड़ा** नपा चुनाव में अपनी जीत को लेकर जहां प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है वहीं कई मतदाता भी प्रत्याशियों से अपनी मांगे मनवाकर उनके घुटने रगड़वा रहे है। कुछ उम्मीदवारों ने जहां अपने कार्यालयों में फ्री लंगर लगा रखे है वहीं चुनावों का लुत्फ उठाने वाले चौधरियों ने भी इन दिनों अपनी मुंछे पैनी कर रखी है। खासतौर पर पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे कुछ उम्मीदवारों को इन दिनों कई मतदाताओं की अजीबो-गरीब मांगे पूरी करने में पसीने छूट रहे है। नाम न छापने की शर्त पर ऐसे उम्मीदवारों ने अपना दर्द सांझा करते हुए बताया कि लोग उनसे ऐसी-ऐसी मांगे कर कर है कि उनको रात को नींद भी नही आ रही। ऐसे प्रत्याशियों के अनुसार कुछ लोग शाम होते ही उनसे थकान दूर करने के लिए मदिरापान की मांग कर रहे है वहीं कुछ लोग मोबाईल रिचार्ज करने, मोटरसाईकिल व मोबाईल की किश्त भरने, बिजली के बिल भरने और यहां तक कि किसी शादी में शगुन देने की भी मांग कर रहे है। ऐसे उम्मीदवारों ने बताया कि कुछ लोगो की ऐसी मांगे सुन वह चुनाव को लेकर अंदरखाने तौबा-तौबा कर रहे है।

## एन.एस.एस. कैम्प का सफल समापन, कैम्प में सराहनीय कार्यों के लिए स्वयं सेविकाओं को दिया सम्मान



सर्टीफिकेट दिखाते हुए स्वयं सेविका।

अम्बाला छावनी, फरवरी : आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी में चलाए जा रहे सात दिवसीय कैम्प के सातवें दिन की शुरूआत प्रार्थना द्वारा की गई। इस दिन एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं ने सात दिवसीय कैम्प की गतिविधियों की रिपोर्ट सांझा की तथा अपने-अपने अनुभव भी सांझा किए। एन.एस.एस. कैम्प में स्वामी दयानंद सरस्वती व बौद्ध दिवस के उपलक्ष्य पर एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं ने भजन और राष्ट्रभक्ति गीत गाकर स्वामी दयानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान विचारक, समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक थे। एन.एस.एस. पी.ओ. डॉ. अमनीत कौर व डॉ. अमनदीप मक्कड़ ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रहित और समाज हित के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कैम्प में बेस्ट एन.एस.एस. वालिऐंटर का अवार्ड मिस प्रियंका, बी.ए. द्वितीय वर्ष व मिस शोभा, एम.कॉम, बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड मिस मुसकान, बी.ए. तृतीय वर्ष, बेस्ट क्रिएटर अवार्ड मिस सुखमन, बी.ए. द्वितीय वर्ष, ऑनर्स तथा बेस्ट एन.एस.एस. एक्टिविटी अवार्ड मिस नेहा, बी.ए. तृतीय वर्ष को दिया गया। सभी स्वयं सेविकाओं के सात दिवसीय कैम्प में भागीदारी के लिए उन्हें बधाई और सर्टीफिकेट दिए गए।

## देव पॉलिटैक्निक कॉलेज का शानदार परीक्षा परिणाम, छात्रों की बेहतरीन सफलता



छात्रों को सम्मानित करते कॉलेज प्रबंधन।

मुलाना फरवरी : देव पॉलिटैक्निक कॉलेज धीन के छात्रो ने पहली, दूसरी और पांचवे सैमेस्टर की परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कॉलेज के छात्रों ने शानदार परिणाम देकर अपनी मेहनत और समर्पण का प्रमाण दिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि डीएमएलटी कोर्स के चार छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अन्य सभी ट्रेड्स में भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार ने छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज प्रबंधन समिति की ओर से डायरैक्टर डॉ. राजेश भारद्वाज, कार्यकारी निदेशक डा. मृदुला भारद्वाज व निदेशक सत्यम भारद्वाज ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## समस्याओं को केवल सुना नहीं बल्कि हल किया जाएगा : ओंकार नाथ मिश्रा



घर-घर जाकर शंख का बटन दबाकर वोट देने की अपील करते निर्दलीय प्रत्याशी ओंकार नाथ मिश्रा।

**अम्बाला छावनी, फरवरी** : नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर वार्ड नं. 19 से पार्षद पद के निर्दलीय प्रत्याशी ओंकार नाथ मिश्रा ने अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर शंख का बटन दबाकर वोट देने की अपील की। इस अवसर पर टीम ने अपने कार्यकाल के एजेंडा को वार्डवासियों तक पहुँचाया। मिश्रा ने लोगों से निवेदन किया कि वे आने वाले 2 मार्च को अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करें और शंख का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं क्यूंकि वे और उनकी टीम अन्य प्रत्याशियों की तरह समस्याओं के समाधान का केवल खोखला वायदा नहीं कर रही बल्कि उन्हें जड़ से खत्म करने का डिजिटल विकल्प उनके मोबाईल में उपलब्ध करवा देगी। उन्होंने बताया कि उन्हें वार्ड से लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिसे देखते हुए टीम के हौसले में भी काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने वार्ड की जनता से वायदा किया कि विजयी होने के अगले ही दिन डिजिटल एप्लिकेशन को वार्डवासियों तक पहुंचा दिया जाएगा।

इस अवसर पर उनके साथ टीम के प्रदीप मौर्या, कमलेश शर्मा, सुरिंदर सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु धीमान, प्रीतम सिंह, विजय भटनागर, त्रिभुवन पाल, द्वारिका प्रसाद, सिया राम पासी, आनंद पाल, सिमरनजीत सिंह, शुभम वेश, पवन सिंह, विजय सिंह ,सियाराम पासी, रमेश कुमार, संदीप शर्मा, केवल सिंह, नवल किशोर यादव, चमन धीमान, मनप्रीत सिंह, बी के श्रीवास्तव, घनश्याम मिश्रा, छोटे लाल यादव, धीरज जेटली, राम दुलारे यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### पाक: पीटीआई नेताओं के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेताओं के कार्यालयों और आवासों पर छापेमारी करके इसके 12 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पार्टी की ओर से राजनीतिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद यह कार्रवाई की गई। यह जानकारी सोमवार को मिली। पंजाब के वरिष्ठ नेता शौकत बसरा ने कहा कि पंजाब पुलिस ने रावलपिंडी और प्रांत के अन्य जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलनों के आयोजन की व्यवस्था करने में जुटे 12 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। बसरा ने कहा, ''पीटीआई सांसदों के घरों की पवित्रता का उल्लंघन उन लोगों द्वारा किया गया है जिन्होंने उन पर धावा बोला और तोड़फोड़ की।

### नेपाल में अवैध रूप से रह रहे 7 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने काठमांडू के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के सात नागरिकों को रविवार की देर शाम गिरफ्तार किया है। यह लोग वीजा की अवधि समाप्ति या अवैध रूप से नेपाल में घुस कर रह रहे थे। काठमांडू जिले के क्राइम ब्रांच के एसएसपी रमेश बस्नेत ने सोमवार को बताया कि चोरी छिपे काठमांडू के विभिन्न इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने विभिन्न इलाकों से बांग्लादेश के सात नागरिकों को गिरफ्तार किया।

### ब्रिटेन ने रूस समर्थकों पर प्रतिबंध लगाया



**लंदन।** रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के ठीक तीन साल बाद, सोमवार को घोषित किए जाने वाले नए प्रतिबंधों के तहत, ब्रिटेन उन व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाएगा जो रूस को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं या रूस के लिए अपनी संपत्ति का ऋणी हैं। ब्रिटेन सरकार ने कहा कि प्रतिबंध में रूसी सरकार के उच्चतम स्तर तक पहुंच रखने वाले व्यक्तियों को भी शामिल किया जाएगा। उनमें कुछ वरिष्ठ राजनेता, सरकारी अधिकारी और व्यवसायी लोग शामिल हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि नए उपाय रूसी कुलीनों के खिलाफ ब्रिटेन के मौजूदा प्रतिबंधों के पूरक होंगे जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे थे।

### पाक न्यायिक आयोग के सदस्य अख्तर हुसैन का इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान न्यायिक आयोग के सदस्य अख्तर हुसैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपते हुए आयोग के अध्यक्ष और देश के प्रधान न्यायाधीश याह्या अफरीदी को इसका कारण जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में विवादों को बताया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार आयोग के सदस्य पद से इस्तीफा देने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अख्तर हुसैन को पाकिस्तान बार काउंसिल ने इस पद के लिए तीन बार नामांकित किया। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों बार अपनी सर्वोत्तम क्षमता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

### सूडान में सेना ने ओबेद की घेराबंदी तोड़ी



**क़ाहिरा।** सूडान में सेना ने रविवार को ओबेद शहर पर एक साल से ज्यादा समय से चल रही घेराबंदी को तोड़ दिया। इससे दक्षिण-मध्य सूडान में महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र तक पहुंच बहाल हुई और कुख्यात अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के खिलाफ युद्ध में महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग मजबूत हो सके।

---

200 लोगों की भीड़ कॉक्स बाजार में समितिपारा के पास वायु सेना के एयरबेस पर हमला बोला

# बांग्लादेश वायुसेना केंद्र पर उपद्रवियों का हमला; एक की मौत, कई घायल

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश के शहर कॉक्स बाजार में वायुसेना कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। वायुसेना कर्मियों ने एक बाइक सवार को जांच चौकी पर रोककर कागजात चेक किए। इस दौरान करीब 200 लोगों की भीड़ कॉक्स बाजार में समितिपारा के पास वायु सेना के एयरबेस पर हमला बोल दिया। विवाद में एक युवक की मौत हो गई। जबकि वायु सेना के चार जवान समेत कई लोग घायल हो गए। सेना की मीडिया इकाई- इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने कहा कि बांग्लादेश वायु सेना कार्रवाई कर रही है। आईएसपीआर ने कहा कि समितिपारा इलाके में एक बाइक सवार को जांच चौकी पर रोका गया था। वह वाहन के कागजात के बिना क्षेत्र को पार कर रहा था। जब बाइक सवार को पूछताछ के लिए केंद्र के अंदर ले जाया गया तभी 200 से अधिक लोगों ने केंद्र के अंदर धावा बोल दिया। सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद हुए संघर्ष में वायु सेना के चार जवान घायल हो गए। जिला उपायुक्त मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कहा कि घटना में 30 वर्षीय स्थानीय व्यापारी शिहाब कबीर को गोली मार दी गई। जबकि कई अन्य घायल हो गए। हमले के कारण का पता लगाने के लिए विस्तार से जांच की जा रही है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ गया। लोगों ने दावा किया कि वायु सेना के जवानों की गोलीबारी में युवक की मौत हो गई।



### चुनाव तक सेना कानून-व्यवस्था बनाने के लिए करेगी काम: सेना प्रमुख

बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर-उज-जमान ने कहा कि जब तक बांग्लादेश को निर्वाचित सरकार नहीं मिल जाती, तब तक सेना कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमने शुरू में सोचा था कि काम जल्दी पूरा हो जाएगा, जिससे हमें छावनी लौटने का मौका मिलेगा। हम लंबे समय से काम कर रहे हैं। हमें धैर्य रखना चाहिए और समर्पण के साथ अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि कर्तव्यों का पालन करते समय हमें बल प्रयोग से बचना चाहिए। घटना से पहले गृह मामलों के सलाहकार और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एम जहांगीर आलम चौधरी ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सहयोगी देश को अस्थिर करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी तरह से उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हम तय करेंगे कि आतंकी कहीं भी खड़े न हो सकें और किसी भी कीमत पर अपराधों को रोका जा सके।

---

संघर्ष: फिलिस्तीनी शिविरों में बढ़ा तनाव

# 2002 के बाद पहली बार वेस्ट बैंक में इजराइली टैंकों का प्रवेश

एजेंसी, जेनिन

2002 के बाद पहली बार इजराइली टैंकों ने वेस्ट बैंक में प्रवेश किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों तक इजराइली सैन्य बल फिलिस्तीनी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मौजूद रहेंगे। इजराइल के रक्षा मंत्री कैट्ज ने कहा कि सेना एक साल तक वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में तैनात रहेगी और वे उन हजारों फिलिस्तीनियों को वापस लौटने की अनुमति नहीं देंगे, जो वहां से भाग गए हैं। बता दें कि जेनिन लंबे समय से इजराइल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष का गढ़ रहा है। इजराइल ने 21 जनवरी को उत्तरी वेस्ट बैंक में व्यापक पैमाने पर हमले शुरू किए थे। इस बीच इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को वेस्ट बैंक के शहरी शरणार्थी शिविरों में कार्रवाई का आदेश दिया है। काट्ज ने कहा कि लगभग 40,000 फिलिस्तीनी इन शिविरों से फरार हो चुके हैं। इसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र ने भी की है। इजराइली सेना ने 21 जनवरी को वेस्ट बैंक में अपना आक्रमण शुरू किया था, जिसे अब विस्तार दिया जा रहा है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में इन छापों का उद्देश्य उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना बताया गया है। फिलिस्तीनी नागरिक इन छापों को इजराइली के नियंत्रण को और मजबूत करने की कोशिश मानते हैं। इस समय 3 मिलियन फिलिस्तीनी सैन्य शासन के तहत रहते हैं। इजराइल ने 2002 के बाद पहली बार पश्चिमी तट में टैंकों की तैनाती की है।

**रक्षा मंत्री कैट्ज ने दी जानकारी:** साथ ही रक्षा मंत्री कैट्ज़ ने कहा कि इजराइली सरकार ने सेना को निर्देश दिया है कि वह पश्चिमी तट के सभी शरणार्थी शिविरों में आतंकवाद को खत्म करने के लिए गतिविधियों को तेज करे।




### फिलिस्तीन ने इजराइल के इस कदम को बताया खतरनाक

इजराइल के इस कदम को फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने वेस्ट बैंक में स्थिति को खतरनाक रूप से बढ़ाने वाला कहा है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस पर हस्तक्षेप करने की अपील की है। इजराइल द्वारा किए गए इन छापों से फिलिस्तीनी नागरिकों के बीच गहरी चिंता और असंतोष बढ़ गया है। गोरतलब है कि यह कार्रवाई उस समय हो रही है, जब गाजा में इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम की स्थिति कमजोर है, और इजरायल पर पश्चिमी तट में उग्रवाद पर काबू पाने का दबाव बढ़ा हुआ है। 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में 800 से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की जान जा चुकी है।

### इजराइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी

अमेरिका ने इजराइल की ओर से 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी के फैसले का समर्थन किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली सरकार ने हमास के बंधकों के साथ बर्बर व्यवहार को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने इसे उचित प्रतिक्रिया करार दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजराइल के हर फैसले के साथ खड़े रहने की बात कही। इस बीच, हमास ने भी कहा है कि जब तक कैदियों को रिहा नहीं किया जाता, वह इजराइल से किसी भी वार्ता के लिए तैयार नहीं है। अल जजीरा के अनुसार, हमास के दो वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि फिलिस्तीनी समूह तब तक मध्यस्थों के माध्यम से इजराइल के साथ आगे कोई चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि वह शनिवार को रिहा होने वाले 620 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं कर देता।

#### गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गाजा संघर्ष विराम वार्ता मुश्किल में पड़ती दिख रही है, क्योंकि हमास ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह तब तक वार्ता बंद कर देगा जब तक वादे के अनुसार फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई नहीं हो जाती। हमास की ओर से छह इजराइली बंदियों को रिहा करने के बावजूद इजराइल ने 620 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई स्थगित कर दी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में बंदियों को सौंपे जाने के समारोह को अपमानजनक बताया और हमास पर बंदियों का इस्तेमाल प्रचार के लिए करने का आरोप लगाया। अल जजीरा के अनुसार, सहायता समूह युद्ध विराम के पहले चरण के तहत इजराइल के अधूरे वादों पर सवाल उठा रहे हैं।

---

मर्ज का नया चांसलर बनने का रास्ता साफ

# जर्मनी: आम चुनाव में फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी की जीत




एजेंसी, बर्लिन

जर्मनी के आम चुनाव में रविवार को विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन ने जीत दर्ज की। इसी के साथ मर्ज का जर्मनी का नया चांसलर बनने का रास्ता साफ हो गया। 69 वर्षीय फ्रेडरिक मर्ज को रूढ़िवादी नेता माना जाता है। जर्मनी के समाचार पत्र बिल्ड ने चुनाव में फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी के जीत दर्ज करने की पुष्टि की है। उनकी पार्टी ने आम चुनाव में सबसे बड़ा वोट शेयर हासिल किया है। उन्होंने ओलाफ स्कोल्ज की वाम सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) को शिकस्त दी है। जर्मन ब्रॉडकास्टर एआरडी के अनुसार, मर्ज के नेतृत्व वाले ब्लॉक (क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) और क्रिश्चियन सोशल यूनियन (सीएसयू) ने 28.5 प्रतिशत मत हासिल किया है। जर्मनी की दूसरी पार्टी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी ने 20.7 प्रतिशत वोट प्राप्त किया है। 11 नवंबर, 1955 को जर्मनी के ब्रिलोन में जन्मे मर्ज का परिवार कानून के क्षेत्र से जुड़ा रहा है। मर्ज ने भी कानून की पढ़ाई की है। वह 1972 में राजनीति में आए। 1981 में चार्लोट से शादी की। चार्लोट जज हैं। उनके तीन बच्चे हैं। 1989 में मर्ज यूरोपीय संसद के लिए चुने गए। 1994 में उन्होंने होचसॉएरलैंडक्रेइस निर्वाचन क्षेत्र से जीतने के बाद जर्मन संघीय संसद बुंडेस्टाग में प्रवेश किया।

### सीडीयू फिर सत्ता में, एडीएफ दूसरे स्थान पर

देश में हुए चुनाव नतीजों के अनुसार, क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि फार-राइट अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस चुनाव में अप्रवासन, अर्थव्यवस्था और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी प्रमुख मुद्दे रहे। रविवार शाम जब एग्जिट पोल्स के नतीजे आए और सीडीयू की जीत तय हो गई, तो पार्टी मुख्यालय में जश्न का माहौल बन गया। वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने तालियों और नारों के साथ जीत का स्वागत किया। हालांकि, इस दौरान मुख्यालय के बाहर एक छोटे समूह ने प्रदर्शन किया, जो पार्टी प्रमुख फ्रेडरिक मर्ज की सख्त आप्रवासन नीति का विरोध कर रहे थे।

### मर्ज ने जीत का ऐलान किया

वहीं, बर्लिन के एक कार्यक्रम में फ्रेडरिक मर्ज ने जीत की घोषणा करते हुए कहा, 'चलो पार्टी शुरू करते हैं'। इसका मतलब था कि वह जल्द से जल्द गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करना चाहते हैं।

---

ऑनलाइन ठगी के खिलाफ बड़ा एक्शन

# अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराए 48 भारतीयों समेत 215 विदेशी

एजेंसी, बैंकॉक

थाइलैंड व कंबोडिया पुलिस के साझा अभियान में एक स्कैम सेंटर में बंधक बनाए गए 48 भारतीयों समेत 215 विदेशी नागरिकों को मुक्त कराया गया। अपराधी गिरोह तस्करी के जरिये इन्हें कंबोडिया के सीमावर्ती शहर ले आया था और बंधक बना लिया था। स्कैम सेंटर के जरिये पूरे दक्षिण एशिया में ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था। थाइलैंड के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी की वारदातों के खिलाफ चलाए जा रहे क्षेत्रीय अभियान का विस्तार था। कंबोडिया के बांतेय मींचे प्रांत के सीमावर्ती शहर पोइपेट में रविवार को तीन मंजिला इमारत में छापेमारी की गई। थाइलैंड सरकार के प्रवक्ता जिरायु होंगसुब ने बताया कि स्कैम सेंटर में थाइलैंड के 109, पाकिस्तान के 50, भारत के 48, ताइवान के पांच व इंडोनेशिया के तीन नागरिकों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था।

**फर्जीवाड़े से हर साल अरबों डॉलर की कमाई:** संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अपराधी गिरोह हजारों लोगों को तस्करी के जरिये थाइलैंड, कंबोडिया व म्यांमार ले जाता है। इन देशों के स्कैम सेंटरों पर उनसे जबरन ऑनलाइन फर्जीवाड़ा कराया जाता है।

### दक्षिण एशिया में चल रहा व्यापक अभियान

दक्षिण एशिया के देशों ने स्कैम सेंटरों के खिलाफ व्यापक अभियान चला रखा है। हाल ही में थाइलैंड-म्यांमार सीमा पर बड़ा अभियान चलाया गया था। थाइलैंड सरकार ने उन क्षेत्रों की बिजली, ईंधन व जल आपूर्ति रोक दी थी, जहां स्कैम सेंटरों के होने की आशंका थी। इससे पहले शनिवार को थाइलैंड की सेना ने बताया था कि चीन ने स्कैम सेंटरों से मुक्त कराए गए उसके 621 नागरिकों को सौंप दिया है। थाइलैंड व कंबोडिया के सीमावर्ती शहरों में स्कैम सेंटर कई वर्षों से संचालित किए जा रहे थे। थाइलैंड में स्कैम सेंटरों की शुरुआत चीनी नागरिक वांग जिंग ने की थी। उसने थाइलैंड के लोगों को नौकरी देने का वादा किया था। इस बीच उसका अपहरण हो गया और उसे म्यांमार स्थित एक स्कैम सेंटर ले जाया गया।

---

### अमेरिका: यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक झटके में रातों-रात यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के लगभग 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। यह फैसला रात 11:59 बजे से प्रभावी हो गया है। यूएसएआईडी की नोटिस के अनुसार यह फैसला मिशन के महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व और विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगा। नोटिस में कहा गया है कि लगभग 1600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक अवकाश पर रखा जाएगा। इनके लाभों और अधिकारों के बारे में अतिरिक्त निर्देश और विशिष्ट सूचना मिलते ही साझा की जाएगी।

---

घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं

# फ्रांस में रूसी वाणिज्य दूतावास में विस्फोट मॉस्को ने कहा- आतंकवादी हमले के संकेत

एजेंसी, मार्सिले (फ्रांस)

फ्रांस के मार्सिले में सोमवार को रूसी वाणिज्य दूतावास में एक विस्फोट हुआ। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह एक आतंकवादी हमले जैसा लगता है। करीब तीस दमकल कर्मी विस्फोट स्थल पर पहुंचे। हालांकि, रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने फ्रांस के बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। 'तास' ने एक पत्रिका की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अज्ञात लोगों ने वाणिज्य दूतावास के बागीचे में दो पेट्रोल बम फेंके थे। घटनास्थल के पास एक चोरी की कार भी मिली। जखारोवा ने कहा, रूस इस घटना की तत्काल और गहन जांच की मांग करता है और रूसी सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कदम उठाने की अपील करता है। उन्होंने कहा, मार्सिले में रूसी वाणिज्य दूतावास में हुए धमाके में आतंकवादी हमले के सभी संकेत हैं। हम मांग करते हैं कि फ्रांस तत्काल और गहराई से घटना की जांच करे और रूस की विदेश में स्थित सुविधाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय करे। इससे पहले फ्रांस में चाकू से हमले का मामला भी सामने आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन घायल हो गए थे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस हमले को इस्लामी आतंकवाद बताया था। जर्मनी की सीमा के पास मुलहाउस में हुई इस वारदात में पुर्तगाल के नागरिक की मौत हुई थी।



### एसवीआर ने दी थी हमले की चेतावनी

रूस की विदेश खुफिया सेवा (एसवीआर) ने 19 फरवरी को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन सरकार यूरोप में रूस के दूतावासों पर आतंकवादी हमले की योजना बना रही है, खासकर जर्मनी, बाल्टिक और स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) देशों में।

---

समझौता — जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया

# जापान-फिलीपींस करेंगे चीन की आक्रामकता से निपटने की तैयारी

एजेंसी, मनीला

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए जापान और फिलीपींस ने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने का बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को मनीला में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों ने सैन्य सूचनाओं की सुरक्षा और साझा रक्षा प्रशिक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते किए। जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी और उनके फिलीपीन समकक्ष गिल्बर्टो टेओडोरो ने इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर सहमति जताई। बैठक में चीन की ओर से विवादित दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में बढ़ते कदमों पर गहरी चिंता जताई गई। दोनों देशों ने संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा सूचना साझा करने और सैन्य ऑपरेशनों को बेहतर समन्वय देने पर भी चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब फिलीपींस ने हाल ही में अमेरिका के साथ रक्षा समझौते को भी मजबूत किया है, जिससे उसे उन्नत हथियार और सैन्य तकनीक हासिल करने में मदद मिलेगी। जापान और फिलीपींस, संयुक्त राज्य अमेरिका के संधि सहयोगी हैं, और ये तीनों देश विवादित जलक्षेत्र सहित क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के सबसे मुखर आलोचकों में से हैं। नाकातानी के साथ अपनी बैठक के आरंभ में, टेओडोरो ने कहा कि फिलीपींस, चीन और अन्य देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और कथानक को बदलने के एकतरफा प्रयासों के विरुद्ध जापान के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है। पिछले साल जापान और फिलीपींस ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत जापानी और फिलीपींस की सेनाओं को एक-दूसरे के क्षेत्र में संयुक्त सैन्य और युद्ध अभ्यास के लिए तैनात किया जाएगा।



### सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर सहमति

बैठक के बाद नाकातानी ने कहा कि वह संयुक्त और बहुराष्ट्रीय रक्षा प्रशिक्षण, बंदरगाहों पर यात्रा और सूचना साझा करने सहित परिचालन सहयोग को मजबूत करने के लिए टेओडोरो के साथ सहमत हैं। नाकातानी ने कहा, हमने सैन्य सूचना संरक्षण तंत्र पर रक्षा अधिकारियों के बीच चर्चा शुरू करने पर भी सहमति व्यक्त की। फिलीपींस ने पिछले वर्ष अपने दीर्घकालिक संधि सहयोगी, अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि प्रमुख हथियारों के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य खुफिया जानकारी और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे अमेरिका की ओर से फिलीपींस को ऐसे हथियारों की बिक्री की जा सके।

---

पोप फ्रांसिस 10 दिन से अस्पताल में भर्ती

# फेफड़े के बाद किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण दिखे

एजेंसी, रोम

फेफड़ों में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर है। वेटिकन ने बताया कि पोप का इलाज जारी है। अब उनकी किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण नजर आए। बताया गया कि रात में उन्होंने अच्छी नींद ली। सोमवार सुबह भी आराम किया। उन्होंने भोजन भी किया। वेटिकन ने यह भी बताया कि पोप फ्रांसिस अच्छे मूड में नजर आए। पोप फ्रांसिस (88) को 'ब्रोंकाइटिस' की समस्या के बाद 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार देर रात डॉक्टरों ने बताया कि रक्त परीक्षण में उनकी किडनी में खराबी के शुरुआती लक्षण नजर आए, लेकिन यह नियंत्रण में है। शनिवार से उन्हें सांस लेने में कोई और परेशानी नहीं हुई है। उन्हें ऑक्सीजन दी जा रही है। रविवार को उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया। साथ ही लोगों से बात भी की। डॉक्टरों का कहना है कि फ्रांसिस की उम्र, कमजोरी और पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के चलते उनके स्वास्थ्य की स्थिति खतरनाक है।



संपादकीय

# विराट यूं ही नहीं हैं 'विराट'

**भले ही कमजोर और बिखरी-बिखरी पाकिस्तानी टीम के सामने मुकाबला नीरस और एकतरफा था, लेकिन विराट कोहली की पारी ने दर्शकों को निराश नहीं किया।**

**भारत** और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच हो और उस पर दुनियाभर की नजरें न लगी हों, यह संभव नहीं है। जियो हॉट स्टार पर लगभग 45 करोड़ ने ये मैच देखा। छह विकेट से हराकर भारत ने पाकिस्तान को टूर्नामेंट से ही बाहर कर दिया। पाकिस्तान की टीम फिसड्डी साबित हुई। पिछले कई सालों से पाकिस्तान की टीम बहुत अच्छा नहीं खेल पा रही है। न बैटिंग में लय और न बॉलिंग में ताल। सब कुछ बिखरा-बिखरा से लगता है। भारत के बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बार फिर शानदार पारी खेली और करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत कर बता दिया कि विराट यूं ही 'विराट' नहीं है। बल्ले का जो कौशल विराट कोहली ने दिखाया, वह अद्भुत था। जब भी विराट के प्रदर्शन पर सवाल उठने शुरू होते हैं, वह एक ऐसी पारी खेल जाते हैं, जो क्लासिक होती है। आलोचकों के मुंह बंद हो जाते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया से लेकर पाकिस्तान तक के खिलाड़ियों ने माना कि विराट कोहली भारतीय टीम की ओर से सबसे बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं और टूर्नामेंट के सबसे अहम मैच में कोहली ने साबित किया कि वो विराट क्यों कहलाते हैं। क्रिकेट जगत में विराट की क्लास को माना जाता हैं। दुनिया भर के तमाम खिलाड़ी मानते हैं कि किसी भी टूर्नामेंट में होना क्रिकेट को दिलचस्प बना देता है। हालांकि पाकिस्तान का 241 का स्कोर इतना बड़ा नहीं था कि उसे आसानी से हासिल न किया जा सकता था। लेकिन पाकिस्तान के सामने कोई जोखिम लेना नहीं चाहता। विराट कोहली ने साहस और सब्र से काम लेकर सैकड़ा जड़ा, जो उनका वनडे में 51वां शतक था। भले ही कमजोर पाकिस्तान टीम के सामने मुकाबला नीरस और एकतरफा था, लेकिन विराट कोहली की पारी ने दर्शकों को निराश नहीं किया। 36 साल की उम्र आक्रामक बल्लेबाजी करके विराट ने यह भी बता दिया कि वह अभी थके नहीं हैं और उनमें बहुत क्रिकेट बाकी है। विराट कोहली की ये पारी ऐसे समय आई जब लगातार उनके फॉर्म को लेकर सवाल उठ रहे थे। विरोट कोहली अब उम्र के उस पायदान पर हैं कि वे जल्द ही क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। लेकिन उन्होंने क्रिकेट की जो इबारत लिखी है, व बरसों पढ़ी जाएगी और आने वाले युवा क्रिकेटर उन्हें अपना रोल मॉडल मानेंगे। विराट कोहली एक अच्छे क्रिकेटर ही नहीं हैं, अच्छे इंसान भी हैं। यही वजह है कि जब विराट ने दुबई में शतक मारा तो पाकिस्तानियों ने भी खुशी जाहिर की।

पाठकवाणी

### भविष्यवाणियां हुईं फेल

**क्रिकेट** अनुमान और आंकड़ों का खेल जरूर है, मगर भविष्यवाणी तभी सही साबित होती है जब तक अंतिम गेंद फेंकी नहीं जाती। भारत पाक मुकाबला दुनिया का हाईवाल्टेज जरूर होता है, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में यह मिथक पुरी तरह टूट चुका है। कई भविष्य वक्ता ग्रह स्थिति तो पाकिस्तान की जीत दिखा रहा है। उनका लग्नेश मंगल पराक्रम भाव से गुजर रहा है और चंद्रमा नवम भाव से जबकि अपना चन्द्र अष्टम और मंगल द्वितीय से, जैसे अनुमान लगा बैठे थे। मगर भारतीय खिलाड़ियों की दृढ़ इच्छाशक्ति से न केवल मुकाबला एकतरफा हो गया बल्कि पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर भी हो गया। एक चर्चित बाबा का कथित सच मैच ही नही बाबा को भी आइना दिखा गया।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर मप्र

### जनहित में अस्पताल का निर्माण

**छतरपुर** के बागेश्वर धाम में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा हाल ही में कैंसर हॉस्पिटल की नींव रखी गई है।बुंदेलखंड की धरती पर जहां भूख और गरीबी है, यहां पर कैंसर अस्पताल का निर्माण क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि एक बड़ी बात है। धीरेंद्र शास्त्री ने परिपक्वता और गंभीरता के साथ ज्ञान एवं भक्ति प्रवचनों से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक योगदान देने का बीड़ा उठाया लिया है, जिसके लिए बधाई के पात्र हैं।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



असम पर 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। राज्य की आर्थिक हालत ऐसी कर दी है कि जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार इस कर्ज पर 10,000 करोड़ रुपए का ब्याज दे रही है।

**-रकीबुल हुसैन**, असम के कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''यह पाकिस्तान है, जहां कोहली की संेचुरी होने पर जश्न मनाया जा रहा है... जरा सोच कर देखिए किसी पाकिस्तानी क्रिकेटर के लिए इंडिया में जश्न मनाते हैं तो क्या होगा?''

**-काविश अजीज लेनिन**

# अमेरिका का दूसरे देशों में दखल

सामयिक



**शाहीन सबा**

**द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात एक महाशक्ति के तौर विश्व पटल पर उभरे अमेरिका को कोरिया, वियतनाम और अफगानिस्तान के युद्धों में शर्मनाक पराजयों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने नव साम्राज्यवादी महत्व आकांक्षा के कारण प्रायः अनेक देशों उन राजनीतिक शक्तियों का समर्थन करता रहा, जो प्रायः गैर लोकतांत्रिक और जनविरोधी रहीं।**

विगत कुछ दिनों से भारत के राजनीतिक पटल पर झूठ कुलांचे लगाता रहा। इस झूठ का भारतीय मीडिया द्वारा पर्दाफाश कर दिया गया है। झूठ का पर्दाफाश हो जाने के अब अब सन्नाटा पसरा है। इससे एक तथ्य पुनः स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय राजनीति में झूठ से प्रचार का कितना अधिक बोलबाला हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की एक एजेंसी है यूएस-ऐड जिसका पूरा नाम यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल ऐड एंड डेवलपमेंट है। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन के दक्षता मंत्रालय के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने अपने एक बयान में कहा था कि भारत के आम चुनाव को प्रभावित करने के लिए यूएस-एड द्वारा 21 मिलियन डॉलर अर्थात 182 करोड़ रुपए प्रदान किए गए। जिस दौर की यह बात है, तब 70 रुपए का एक डॉलर होता था। आजकल एक डॉलर 86 रुपए कर है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में सेक्रेटरी का रैंक वस्तुतः कैबिनेट मिनिस्टर का दर्जा होता है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के शासकीय दक्षता विभाग के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने 16 फरवरी 2025 को बयान दिया था कि यूस-एड द्वारा वर्ष 2012 में 182 करोड़ रुपए अर्थात 21 मिलियन डॉलर की सहायता राशि भारत को प्रदान की गई। यूएस-ऐड द्वारा प्रदान की गई धन राशि को अब अमेरिकी प्रशासन ने प्रतिबंधित कर दिया है।

एलन मस्क के इस बयान के पश्चात भारतीय राजनीति में तूफान सा बरपा कर दिया। एक मीडिया संस्थान द्वारा की कई जांच पड़ताल के बाद झूठ का पर्दाफाश हो गया कि यह धन राशि भारत को नहीं, वरन बंगला देश को सन 2022 में प्रदान की गई थी। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने दावा पेश किया था कि वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए यह धन राशि भारत को प्रदान की गई थी। वर्ष 2022 में बंगला देश को दी गई 21 मिलियन डॉलर की धन राशि के 13.4 मिलियन डॉलर बंगला देश में वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले बाकायदा व्यय किए जा चुके थे। यूएस-ऐड द्वारा वाशिंगटन की एक संस्था कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर बांग्लादेश की एक स्वयंसेवी संस्था को भेजे गए थे, जबकि ट्रंप प्रशासन के शासकीय दक्षता विभाग के सेक्रेटरी कॉरपोरेट टाइकून एलन मस्क द्वारा बिना किसी पुष्ट आधार के बेबुनियाद बयान दे दिया गया कि 21 मिलियन डॉलर भारत को दिए गए।



भारतीय हुकूमत द्वारा एलन मस्क के बयान का वक्त रहते खंडन नहीं किया गया। जबकि फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट (फेरा) के तहत भारत भेजे गए विदेशी धन का संपूर्ण ब्यौरा भारत सरकार के पास रहता है। यहां तक कि एलन मस्क द्वारा दिए गए बयान को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी ज्यों का त्यों दोहरा दिया गया कि भारत को 21 मिलियन डॉलर को प्रदान किए गए थे। भाजपा और कांग्रेस पार्टियां बिना किसी ठोस आधार के केवल ट्रंप प्रशासन द्वारा दिए गए नितांत झूठे बयान के आधार पर परस्पर आरोप प्रत्यारोप के झंझावात में फंस गई। अमेरिकी यूए-एड द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रत्येक अनुदान के साथ ही एक विशिष्ट निष्पादन संलग्न होता है, जिसमें कि उस देश का नाम भी उल्लेखित किया जाता है, जहां इस अनुदान को व्यय किया जाना होता है। अमेरिकी यूएस-एड अनुदान रिकार्ड के आधिकारिक ओपन डेटा-सोर्स के मुताबिक भारत को प्रदान की गई यूस-एड की अनुदान राशि का कोई उल्लेख ही नहीं है। वर्ष 2008 के पश्चात यूएस-एड द्वारा कोई अनुदान राशि भारत को प्रदान नहीं की गई है। यूस-ऐड वस्तुतः विभिन्न देशों की सरकारों को विकास कार्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करती रही है और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यूएस-ऐड द्वारा प्रदान किए जाने वाले धन राशि की समस्त जानकारी डाटा- सोर्स पर बाकायदा उपलब्ध बनी रहती है।

नव-साम्राज्यवादी फितरत की अमेरिकी हुकूमत वस्तुतः सीरिया की बशर अल असद हुकूमत का तख्तापलट करने की खातिर अल बगदादी की खुले और गुप्त तौर पर सैन्य इमदाद करती रही थी। दरअसल अमेरिका की कुख्यात खुफिया एजेंसी सीआईए अपनी तख्ता पटल साजिशों को अंजाम देने की खातिर यूस-ऐड सरीखे विभाग और मुखतलिफ अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषित एजेंसियां दुनिया के विभिन्न देशों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्थाओं का दुरुपयोग करती ही रहती हैं। शेख हसीना के अब्बा जान बंगला देश के निर्माता शेख मुजीब और उनके परिवार की नृशंस हत्या में अमेरिकी सीआईए का हाथ उजागर हुआ था।

पाकिस्तान की समर्थक रही उस दौर की अमेरिकी सरकार को बांग्लादेश का निर्माण स्वीकार्य नहीं था। वस्तुतः भारतीय सेना की सक्रिय दखलंदाजी से बांग्लादेश का निर्माण रोकने में अमेरिका नाकाम रहा, किंतु बंगला देश के कुछ सैन्य अफसरों के माध्यम से सीआईए शेख मुजीब का कत्ल करके तख्ता पटल कराने में कामयाब रहा। पाकिस्तान की राजसत्ता में अमेरिकी हस्तक्षेप तो सदैव ही रहा है, चीन के अधिक निकट जाने के कारणवश जुल्फिकार अली भुट्टो की हुकूमत का जनरल जिया-उल-हक द्वारा तख्ता पलट में अमेरिकी सीआईए का हाथ निरूपित किया जाता है, क्योंकि तत्कालीन सोवियत रूसी सेना के विरुद्ध अफगान जिहादियों का समर्थन करने के लिए तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री भुट्टो तैयार नहीं हुए थे।

कथित तौर पर आर्थिक और सैन्य सहायता के माध्यम से राजनीतिक और सैन्य दखलंदाजी अंजाम देने का अमेरिकी हुकूमतों का दीर्घकालीन का इतिहास रहा है। अफगानिस्तान में ओसामा बिन लादेन और अलकायदा की परवरिश करने के लिए अमेरिका द्वारा अरबों-खरबों खर्च कर दिए गए। अंततः सोवियत रूस के पराभव के पश्चात अलकायदा और ओसामा बिन लादेन ही अमेरिका के दुश्मन बनकर उभरे और 2001 के 9-11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर आक्रमण किया। अफगानिस्तान में तकरीबन 20 वर्षों तक अमेरिकन सैन्य दखलंदाजी निरंतर बनी रही, किंतु आखिरकार अमेरिकी सेना को पराजित होकर और आधुनिकतम हथियारों का जखीरा छोड़कर अफगानिस्तान से पलायन करना पड़ा। लोकतांत्रिक अमेरिका अपने तत्कालीन फायदे की खातिर पाकिस्तान की सैन्य और आर्थिक सहायता करता रहा है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात एक महाशक्ति के तौर विश्व पटल पर उभरे अमेरिका को कोरिया, वियतनाम और अफगानिस्तान के युद्धों में शर्मनाक पराजयों का सामना करना पड़ा था, क्योकि अमेरिका ने नव साम्राज्यवादी महत्व आकांक्षा के कारण प्रायः अनेक देशों उन राजनीतिक शक्तियों का समर्थन करता रहा, जो प्रायः गैर लोकतांत्रिक और जनविरोधी रहीं। चिली में जनतांत्रिक तौर से निर्वाचित राष्ट्रपति अलेंदे का कत्ल करा दिया गया। संपूर्ण दक्षिण अमेरिकी देश अमेरिका के शत्रु बन गए। सोवियत संघ के अंध विरोध में अमेरिका ने जिहादियों को ताकतवर बना दिया। रूस के अंध विरोध में रूस-यूक्रेन युद्ध का आगाज कर दिया। लोकतांत्रिक भारत के अंध विरोध में पाकिस्तान के फौजी तानाशाहों का समर्थन और सहायता अंजाम दी।

# पेंशन @ यूनिफाईड पेंशन स्कीम पर लगा सरकार का ठप्पा-1 अप्रैल 2025 से लागू होगी

## पुरानी व नई पेंशन स्कीम के बीच मचे घमासान के बीच यूनिफाईड पेंशन स्कीम लांच

**नई लांच की गई यूनिफाईड पेंशन स्कीम व नई पेंशन स्कीम चॉइस में कर्मचारी स्वतंत्र-विपक्ष का तंज-कर्मचारी संघों ने पीएम से मिलकर आभार जताया -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**









**गोंदिया**-भारत में केंद्र व राज्य सरकार स्तरपर हम करीब दो दशकों से देख रहे हैं कि कर्मचारीयों व सरकारों केबीच पुरानी पेंशन स्कीम व नई पेंशन स्कीम का मुद्दा छाया हुआ था, इसपर कई आंदोलन भी हमने देखे, जिसपर केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में पूर्व वित्त सचिव टीवी स्वामीनाथन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था ताकि एनपीए की समीक्षा की जा सके। इस समिति ने केंद्रीय कर्मचारियों के संघों व दूसरे प्रतिनिधियों,राज्य सरकारों, आरबीआई, विश्व बैंक, राजनीतिक दलों समेत दूसरे श्रम संगठनों के साथ विस्तार सेविमर्श के बाद एक रिपोर्ट तैयार की थी।जिसके आधार पर दिनांक 24 अगस्त 2024 को केंद्रीय कैबिनेट मंत्रीमंडल की मीटिंग में देर शाम यूनिफाइड पेंशन स्कीम के फैसले पर मोहर लगाई गई जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होगा, जिसमें कहा गया है कि कर्मचारी नई पेंशन स्कीम व यूनिफाई पेंशन स्कीम में चॉइस कर सकते हैं। चूंकि पुरानी व नई पेंशन स्कीम के बीच मचे घमासान के बीच यूनीफाई पेंशन स्कीम लॉन्च की गई है,इसलिए आज हम मीडियामें उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पेंशन @ यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर लगा सरकार का ठप्पा, 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।नई लांच की गई यूनिफाइ पेंशन स्कीम व नई पेंशन स्कीम में से कोई एक चुनने में कर्मचारी स्वतंत्र होंगे, इस स्कीम पर विपक्ष का तंज परंतु कर्मचारियों नें पीएम से मिलकर आभार जताया है। साथियों बात अगर हम दिनांक 24 अगस्त 2024 को देर शाम यूनिफाइ पेंशन स्कीम लॉन्च करनेकी करें तोसरकार के खजाने पर बढ़ते दवाबको देखतेहुए ओल्ड पेंशनस्कीम को खत्म करके नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लाया गया था। मगर उसका विरोध होता रहा था और अब सरकार ने एनपीएस से बेहतर स्कीम उतारने का दावा किया है, जिसे यूपीएस कहा जा रहा है। अब हमें तीनों में क्या फर्क है यह जानना जरूरी है, और समय के साथ क्या-क्या होता गया, केंद्र सरकार ने देश में पुरानी पेंशन स्कीम और नई पेंशन स्कीम के बीच मचे घमासान के बीच नई पेंशन स्कीम को हटाते हुए इसकी जगह पर यूनिफाई पेंशन योजना लॉन्च की है। यूपीएस लॉन्च होने पर सवाल उठता है कि आखिरी नई पेंशन स्कीम क्या थी और ये पुरानी पेंशन स्कीम से कितना अलग था। इसमें क्या दिक्कतें थी जिसकी वजह से इसका विरोध किया जा रहा था जो हम नीचे के पैराग्राफ में चर्चा करेंगे। परन्तु अब, यूपीएस सामने आई है।सरकार दावा कर रही है कि इसमें एनपीएस में आ रही तमाम शिकायतों को दूर कर दिया गया है। इस योजना में ओल्ड पेंशन स्कीम की तरह ही सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है, और इसे 2025 से लागू किया जाएगा। यूपीएस में पेंशन की राशि निश्चित होगी, और यह परिवार के लिए भी सुनिश्चित पेंशन का लाभ प्रदान करेगी। साथ ही, इसमें महंगाई के अनुसार पेंशन में समायोजन का प्रावधान भी है। यूपीएस को एक बैलेंस्डसॉल्यूशन के रूप में देखा जा रहा है।केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा,सरकारी कर्मचारियों की एनपीएस में सुधार की मांग रही है। यूपीएस सरकार के कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना है, इस योजना के तहत कर्मचारियों को एक निश्चित पेंशन का प्रावधान किया जाएगा,जो एनपीएस से अलग है,जिसमें पेंशन की राशि निश्चित नहीं होती थी।सरकार की तरफ से कहा गया है कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को यह निर्णय लेने का अधिकार होगा कि वे एनपीएस में बने रहें या यूपीएस में शामिल हों।कैबिनेट सचिव टी वी सोमनाथन ने भी कहा,यह योजना उन सभी पर लागू होगी, जो 2004 के बाद से एनपीएस के तहत रिटायर हो चुके हैं। हालांकि यूपीएस 1 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी, लेकिन 2004 से लेकर 31 मार्च, 2025 तक एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारी यूपीएस के पांचों लाभ के पात्र होंगे। उन्हें पिछले पेंशन भुगतानों के समायोजन के बाद इस योजना का लाभ मिलेगा। साथियों बात अगर हम यूपीएस के पांच मुख्य स्तंभों की करें तो केंद्रीय मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनिमेशन से बताया,(1) निश्चित पेंशनःयूपीएस के तहत, कर्मचारियों की पेंशन उनकी रिटायरमेंट से पहले के अंतिम 12महीनों के औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत होगी, इसके लिए शर्त यह है कि यदि उन्होंने कम से कम 25 वर्षों की सर्विस की हो। यदि सर्विस 25 साल से कम है और 10 साल से अधिक है तो यह अमाउंट प्रो-डेटा के आधार पर दी जाएगी। (कितने वर्ष पर कितनी होगी, इससे विस्तृत जानकारी का इंतजार है) न्यूनतम 10 वर्षों की सेवा के लिए पेंशन का प्रावधान रहेगा।(2) निश्चित पारिवारिक पेंशनः यूपीएस के तहत पारिवारिक पेंशन भी दी जाएगी, जो कर्मचारी के मूल वेतन का 60 प्रतिशतहोगी।यह पेंशन कर्मचारी की मृत्यु के तुरंत बाद उनके परिवार को दी जाएगी, हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यदि पहले ही वर्ष किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो क्या उसके परिवार को भी इसी आधार पर पेंशन मिलेगी (3) न्यूनतम पेंशन का प्रावधानः यूपीएस के तहत यदि कोई कर्मचारी कम से कम 10 वर्षोंकी सेवाके बादरिटायर होता है, तो उसे न्यूनतम 10, हजार रुपये प्रति माह की पेंशन मिलेगी।(4) महंगाई का समायोजनः इस योजना में पेंशन पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन परमुद्रास्फीति के अनुसार समायोजन का प्रावधान भी है (5) ग्रेच्युटीः यूपीएस के तहत रिटायरमेंट के समय एकमुश्त भुगतान किया जाएगा, जो कर्मचारी के अंतिम वेतन (मूल वेतन + महंगाई भत्ता) का 1/10वां हिस्सा होगा. यह भुगतान हर छह महीने की सेवा के लिए होगा और यह पेंशन की राशि को कम नहीं करेगा।इससे केंद्र पर वर्ष 2025-26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ाराजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है।यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया। साथियों बात अगर हम यूनिफाइ पेंशन स्कीम को समझने की करें तो,(1) इस स्कीम का सबसे पहला तथ्य यह है कि इसमें कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन मिलेगा, जबकि एनपीएस में बाजार में निवेशित राशि के हिसाब से पेंशन राशि मिलने की व्यवस्था है।(2) यूपीएस का फामूर्ला यह है कि अगर कर्मचारी ने 25 वर्षों की सेवा दी है तो उसके अंतिम कार्य-वर्ष के 12 महीनों के औसत मूल वेतन का 50 फीसद राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। अगर सेवा काल 10 से 25 वर्षों का है तो पेंशन की राशि समानुपातिक आवंटन के आधार पर तय होगी।(3)यूपीएस का दूसरा अहम पहलू यह है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके आश्रित (पति यापत्नी) को पेंशन राशि का 60 फीसदी सुनिश्चत पारिवारिक पेंशन के तौर पर दी जाएगी।(4)तीसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कर्मचारी का कार्य वर्ष चाहे जितना भी हो उनकी पेंशन की न्यूनतम राशि 10 हजार रुपये से कम नहीं होगी।(5) मंत्री का कहना है कि आज की तारीख में जो न्यूनतम वेतन है उसके आधार पर न्यूनतम पेंशन की राशि 15 हजार रुपये बनती है।(6)चौथा पहलू, पेंशन की राशि जो महंगाई के सूचकांक से जोड़ा गया है। यानी खुदरा महंगाई दर बढ़ेगी तो पेंशन की राशि भी बढ़ेगी। महंगाई भत्ता के आधार पर पेंशन, पारिवारिक पेंशन और न्यूनतम पेंशन तीनों का निर्धारण होगा।(7) पांचवा पहलू, सेवा में संपन्न हर छह माह के लिए मूल वेतन का 10 फीसद राशि एकमुश्त मिलेगी जो ग्रेच्यूटी के अलावा होगी।(8) सूचना व प्रसारण मंत्री के मुताबिक मोटे तौर पर 30 वर्ष की सेवा के लिए एक कर्मचारी को छह माह का वेतन अलग से सेवानिवृत्त होने पर मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि अगर राज्य सरकारें चाहें तो इसी आधार पर अपने कर्मचारियों के लिए भी पेंशन स्कीम लागू कर सकती हैं। ऐसा होता है तो देश भर में 90 लाख राज्य सरकारों के कर्मचारियों को भी फायदा हो सकता है। स्पष्ट है कि चुनाव में मुद्दा बने रहे विपक्षी दलों पर अब यह जिम्मेदारी आएगी कि वह भी अपने राज्यों में तत्काल प्रभाव से इसे लागू करने की घोषणा करे। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव की घोषणा हो चुकी है और अगले एक दो महीने में महाराष्ट्र और झारखंड में भी घोषणा होनी है। ऐसे में राजनीतिक दलों पर यह दबाव रहेगा कि वह अपने मेनिफेस्टो में राज्य में इसे लागू करने की घोषणा करे।



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# सब को लगने वाली चीज



प्रकाश हेमावत

अरे लग गई, अरे लग गई, अरे लग गई। अरे भाई साहब किस की लग गई? जो तुम हमारे नेताजी की तरह वादों, घोषणाओं, रेवड़ियों मतदाता को देने के लिए चिल्ला रहे हो? उसको लग गई, इसको लग गई, इनको लग गई, बहुत तगड़ी लग गई, बड़े भयानक तरीके से लग गई, ऐसी लग गई कि कुछ कह नहीं सकते हैं। कुछ कल्पना नहीं कर सकते हैं। कुछ बता नहीं सकते हैं। ऐसी लागी की वह जीवन भर याद रखेगा। बरसों बरस याद रखेगा।

अरे भाई क्या लग गई? जरा मुझे भी तो बताओ? पहेलियों की तरह मत उलझाओ? उनको कैसे लग गई? इनको कब लगी? क्यों लग गई? सच पूछो तो भैय्या जी राजनीति करने वाले को भी आज भी लग रही है। सामाजिक क्षेत्र में रहने वाला वो साधारण और असाधारण को हर बात पर लग रही है। आर्थिक रूप से देखा जाए तो लग उन्हें भी बहुत बहुत-बहुत लग रही है, लेकिन, कह नहीं सकते हैं। अपना दर्द किसी को बता नहीं सकते हैं क्योंकि वह जो लगी है ना, ऐसी-ऐसी जगह लगी है, उस बारे में चर्चा तक नहीं कर सकते हैं। किसी से बात नहीं सकते। बताते हुए शर्म आती है।

धार्मिक माहौल में यह कभी भी, किसी भी समय, कहीं पर भी, किसी भी बात पर, किसी को भी लगती रहती है। इसके अलावा अन्य क्षेत्र देखें तो वह, वहां अधिक से अधिक संख्या में व्याप्त होकर अपना असर दिखा रही है। यह मौसम हो या फिर बेमौसम में लगने वाली चीज है। यह कभी भी, किसी भी समय, कहीं पर भी किसी को भी लग सकती है। कसम से हम कसम तो दिन भर में कई बार खा जाते हैं। जनाब इसे कसम की तरह खा नहीं सकते हैं। हां, एक बात जरूर है यह राजनीति करने वालों के लिए कई तरह की होती है, जैसे कि लाल रंग के लिए, किसी को हरी के लिए और काली के लिए सच बेधड़क पूछो तो इनका अलग-अलग आकार, रंग, स्वाद और तीखेपन के आधार पर कई किस्में होती हैं। यह छोटी बड़ी होने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की होती है। जैसे-जैसे मैं अपनी बात कहता जा रहा हूं, वैसे-वैसे मेरी बात में भी आपको कहीं ना कहीं लगती हुई महसूस हो रही है, जो तुम्हारे चेहरे पर तांडव मचा रही है और खतरा भी मंडरा ने लग गया है। तुम्हारे चेहरे के हाव भाव देखकर मुझे भी ही लगता है असली लग गई है?

अरे कुछ नहीं भाई, परेशान मत हो जाना, मैं तो बस खेत लगी मिर्ची की बात कर रहा हूं और जिसके खेत में यह लगती है, बस उसे नहीं लगती है। इसी बात को मैंने जैसे ही कहा और उनको भी लग गई। उनको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं क्योंकि, अलग अलग राज्यों में अलग-अलग लगती है। मेरे कहने का मतलब समझ गए ना? समझदार को इशारा काफी है। इतना सुनते ही भाईजान को इतनी जोर से लगी, वह सबको बताते हुए नजर आ रहे हैं। सच पूछो तो मिर्ची ऐसी ही होती है, जो सब को लगती है। अभी तो आप को लग रही है, मेरी बात पढ़ने पर। लग रही है ना?




# रावलपिंडी में रचिन का कमाल

## जड़ा शतक, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को हराकर पाक को सेमीफाइनल की दौड़ से किया बाहर

### न्यूजीलैंड और भारत की टीमें ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंचीं

● रावलपिंडी, वार्ता

**न्यूजीलैंड** ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। टीम ने सोमवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। इस नतीजे से बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। वहीं न्यूजीलैंड और भारत की टीमें ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 236 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 46.1 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने 105 गेंद पर 112 की पारी खेली। उन्होंने 12 चौके और एक छक्के लगाए। टॉम लैथम ने 55 रन बनाए। माइकल ब्रेसवेल को 4 विकेट मिले। बांग्लादेश से कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 77 और जाकिर अली ने 45 रन बनाए। इससे पहले माइकल ब्रेसवेल (चार विकेट) और विलियम ओरूर्क (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को चैंपियंस ट्रॉफी के छठे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी कर रही बांग्लादेश को 236 रन के स्कोर पर रोक दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की तंजिद हसन और कप्तान नजमुल शान्तो की सलामी जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए रन बनाने का प्रयास किया। नौवें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने तंजिद हसन (24) को आउटकर बांग्लादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद नियमित अंतराल पर बांग्लादेश के विकेट गिरते रहे। हालांकि इस दौरान नजमुल शान्तो एक छोर थामे खड़े रहे। 12वें ओवर में बांग्लादेश का दूसरा विकेट मेहदी हसन मिराज (13) के रूप में गिरा। इसके बाद ब्रेसवेल ने मो. तौहीद हृदोय (सात), मुशफिकुर रहीम (दो) और महमुदउल्लाह (चार) को जल्द ही




आउटकर पवेलियन भेज दिया। 38वें ओवर में विलियम ओरूर्क ने नजमुल शान्तो को आउटकर बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया। नजमुल शान्तो ने 110 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (77) रनों की पारी खेली। 44वें ओवर में मैट हेनरी ने रिशाद हुसैन (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 49वें ओवर की पहली गेंद पर लेथम ने जाकिर अली को रनआउट कर बांग्लादेश के चुनौतीपूर्ण स्कोर की उम्मीदों को झटका दिया। जाकिर अली ने 55 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। तसकीन अहमद (10) नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। बांग्लादेश ने नौ विकेट पर 236 रन का स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने चार विकेट, विलियम ओरूर्क ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी और तसकीन अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद का केन बो ब्रेसवेल | 24 | 24 | 1 | 2 |
| नजमुल का ब्रेसवेल बो ओरूर्क | 77 | 110 | 9 | 0 |
| मेहदी का सैंटनर बो ओरूर्क | 13 | 14 | 1 | 1 |
| मो. तौहीद का केन बो ब्रेसवेल | 07 | 24 | 0 | 0 |
| मुशफिकुर का रविंद्र बो ब्रेसवेल | 02 | 5 | 0 | 0 |
| महमुदउल्लाह का ओरूर्क बो ब्रेसवेल | 04 | 14 | 0 | 0 |
| जाकिर अली रनआउट | 45 | 55 | 3 | 1 |
| रिशाद हुसैन का सैंटनर बो हेनरी | 26 | 25 | 2 | 1 |
| तसकीन का कॉन्वे बो जेमीसन | 10 | 20 | 1 | 0 |
| मुस्तफिजुर रहमान नाबाद | 03 | 5 | 0 | 0 |
| नाहिद राणा नाबाद | 00 | 4 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 25 रन | | | | |
| कुल 50 ओवर में नौ विकेट पर 236 रन | | | | |
| विकेट पतन: 1-45, 2-64, 3-97, 4-106, 5-118 , 6-163, 7-196, 8-231, 9-236 | | | | |
| **गेंदबाजी** | **ओवर** | **मेडन** | **रन** | **विकेट** |
| मैट हेनरी | 9 | 0 | 57 | 1 |
| काइल जेमीसन | 9 | 1 | 48 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल | 10 | 0 | 26 | 4 |
| विलियम ओरूर्क | 10 | 1 | 48 | 2 |
| मिचेल सैंटनर | 10 | 1 | 44 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स | 2 | 0 | 10 | 0 |
| **न्यूजीलैंड** | **रन** | **गेंद** | **4** | **6** |
| विल यंग बो तस्कीन | 00 | 6 | 0 | 0 |
| डेवोन कॉनवे बो मुस्तफिजुर | 30 | 45 | 6 | 0 |
| केन का मुश्फिकुर बो नाहिद | 05 | 4 | 1 | 0 |
| रचिन का सब (हुसैन) बो रिशाद | 112 | 105 | 12 | 1 |
| टॉम लैथम रन आउट | 55 | 76 | 3 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 21 | 28 | 2 | 1 |
| माइकल ब्रेसवेल नाबाद | 11 | 13 | 1 | 0 |
| अतिरिक्त: 06 रन | | | | |
| कुल : 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन | | | | |
| विकेट पतन: 1-0 , 2-15, 3-72, 4-201 , 5-214 | | | | |
| **गेंदबाजी** | **ओवर** | **मेडन** | **रन** | **विकेट** |
| तस्कीन अहमद | 7 | 2 | 28 | 1 |
| नाहिद राणा | 9 | 0 | 43 | 1 |
| मेहदी हसन मेराज | 10 | 0 | 53 | 0 |
| मुस्तफिजुर रहमान | 10 | 0 | 42 | 1 |
| रिशाद हुसैन | 9.1 | 0 | 58 | 1 |
| नजमुल हुसैन शान्तो | 1 | 0 | 12 | 0 |

## मुंबई के निखिल ने जीता पुरस्कार

**बेंगलुरु, वार्ता** : मुंबई के फोटोग्राफर निखिल पाटिल को भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री के 100वें मैच की शानदार तस्वीर खींचने के लिए पहले इंडियन स्पोर्ट्स फोटोग्राफी अवार्ड (आईएसपीए) 2025 से सम्मानित किया गया। ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग की अगुआई वाले निर्णायक मंडल ने विजेताओं के नाम चयन किया। हालांकि इस दौरान नारंग व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। बैंगलोर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उनकी साथी प्रसिद्ध खेल पत्रकार शारदा उग्रा ने उनकी ओर से विजेताओं के नामों की घोषणा की। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी सुनील छेत्री के 100वें मैच की शानदार तस्वीर खींचने निखिल पाटिल शीर्ष पर रहे। दूसरे और तीसरे स्थान पर नेहा गनेरीवाल रहीं। उन्हें खेल श्रेणी में महिला वर्ग के लिए सम्मानित किया गया। वहीं संदीप को क्रिकेट श्रेणी की बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए पुरस्कार मिला।

## इंदिरा गांधी कॉलेज ने जीता खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता** : दिल्ली विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान की महिला हैंडबॉल टीम ने जीसस एंड मेरी कॉलेज को हराकर इंटर कॉलेज चैंपियनशिप 2024-25 का खिताब अपने नाम किया। जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में आयोजित हैंडबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने जीसस एंड मेरी कॉलेज को 15-8 के स्कोर से हराया। कप्तान आकांशा के नेतृत्व में इंदिरा गांधी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण कौशल, समन्वय और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। चैंपियनशिप में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन इंदिरा गांधी कॉलेज ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए कोर्ट पर अपनी श्रेष्ठता साबित की और ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

## सार संक्षेप

### रूस ने भारत को 2-0 से हराया

**शारजाह (यूएई)** : भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को पिंक लेडीज कप के अपने दूसरे मुकाबले में रूस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में रात खेले गए मुकाबले में रूस ने भारत को 2-0 से हराया। रूस की ओर से पहले हॉफ में ग्लेफिरा झुकोवा ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हॉफ में वेलेंटिना स्मिरनोवा ने 92वें मिनट में दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम का अगला मुकाबला बुधवार को कोरिया गणराज्य से होगा। भारत ने दोस्ताना प्रतियोगिता के अपने शुरुआती मैच में जॉर्डन को 2-0 से हराया था।

### बेज ने जीता रियो ओपन का खिताब



**रियो डी जेनेरियो** : अर्जेंटीना के टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बेज ने फाइनल मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर हराकर रियो ओपन का अपना खिताब को बरकरार रखा। जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले पर एक घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-2, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार रियो ओपन का खिताब अपने नाम किया। यह उनका सातवां एटीपी टूर खिताब है। मैच के बाद बेंज ने कहा कि मेरा यह पूरा सप्ताह बहुत अच्छा रहा। मैं अपने द्वारा खेले गए हर मैच से बहुत खुश हूं।

### डीएसए प्रीमियर लीग: गढ़वाल की रोमांचक और सुदेवा की बड़ी जीत

**नई दिल्ली** : डीएसए प्रीमियर लीग के एक रोमांचक मुकाबले में पिछले विजेता गढ़वाल हीरोज एफसी ने पहली लीग के विजेता वाटिका फुटबॉल क्लब को 2-1 से हरा कर खिताब की दौड़ में मजबूत कदम बढ़ाया। यहां खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिए इशान बोक और सीजोजफ होकिप ने दर्शनीय गोल किए। वहीं वाटिका की ओर से यांग होकिप ने गोल किया। दिन के पहले मैच में सुदेवा एफसी ने एजाज अहमद और लालटलां सांगा के दो दो गोलों की मदद से लीग की सबसे कमजोर टीम यूनाइटेड भारत को 6-0 से रौंद डाला। सचिन और उदित ने एक-एक गोल किया। गढ़वाल के ईशान बोक और सुदेवा के सांगा को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। गढ़वाल और वाटिका के मैच का प्रमुख आकर्षण बेहतरीन गोल रहे। लेकिन पराजित टीम के लिए यांग ने पहले गोल किया और गढ़वाल को बराबरी पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वाटिका ने बढ़त लेने के बाद कागजों पर बेहतर टीम को कड़ी टक्कर दी लेकिन गढ़वाल ने मौकों का फायदा उठाया होता तो गोल अंतर बड़ा हो सकता था। गढ़वाल के 18 मैचों में 38 अंक तथा सुदेवा के 30 अंक है।

# श्रीधरन श्रीराम होंगे सीएसके सहायक गेंदबाजी कोच

### श्रीधरन श्रीराम सीएसके में ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे




**चेन्नई, वार्ता** : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले भारत के पूर्व ऑलराउंडर एस श्रीराम को टीम का सहायक गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

श्रीधरन श्रीराम, स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) की अगुवाई वाली कोचिंग दल में शामिल होंगे। विभिन्न स्तरों पर कोचिंग का अनुभव वाले श्रीधरन श्रीराम सीएसके में ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे। ड्वेन ब्रावो मेंटर के रूप में पिछले चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स रूप में शामिल हुए हैं। वह 2016 से 2022 तक ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच थे। अगस्त 2022 में श्रीराम को एशिया कप और टी-20 विश्वकप से पहले बांग्लादेश का टी-20 सलाहकार भी नियुक्त किया गया था। सितंबर 2023 में वह आईपीएल 2024 के लिए सहायक कोच के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स में शामिल हुए थे। उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) में सहायक कोच के रूप में भी काम किया है।

# वीनस ने ठुकराया वाइल्डकार्ड

● कैलिफोर्निया, वार्ता

**पूर्व** विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स ने अगले महीने होने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड ठुकरा दिया है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका की स्टार खिलाड़ी विलियम्स को आमंत्रित किया गया था, लेकिन सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन ने इसे स्वीकार नहीं किया है।

टूर्नामेंट निदेशक टॉमी हास के हवाले से सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए बयान में कहा कि हमारी टीम को सूचित किया गया है कि वीनस इस साल वाइल्डकार्ड स्वीकार नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हम वीनस को शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में वह इंडियन वेल्स में फिर से दिखाई देंगी। विलियम्स ने पिछले मार्च में मियामी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद से उन्होंने डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने पहले टेनिसवीकली पॉडकास्ट को



बताया था कि वह 2-16 मार्च तक चलने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में वापसी नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं नहीं खेलूंगी। मैं विदेश में रहूंगी। मैं यहां नहीं रहूंगी।

# दक्षिण अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

## दोनों ही टीमों ने अपने पहले मुकाबले जीते हैं, ट्रेविस हेड से कंगारुओं को बड़ी उम्मीद, प्रसारण 2.30 बजे से

● रावलपिंडी, वार्ता

**रावलपिंडी** में आज चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक हाई वोल्टेज मुकाबला होने की पूरी उम्मीद होगी। एक तरफ होगी इन फॉर्म दक्षिण अफ्रीका तो उनके सामने होगी विश्व विजेता ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती। वनडे में आखिरी बार इन दो टीमों का सामना 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में हुआ था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

दक्षिण अफ्रीका ने जहां चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 107 रनों की करारी शिकस्त दी है। तो ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने अभियान का आगाज इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर किया था। यानी इस मुकाबले में दोनों ही टीमें अपराजित रहते हुए प्रवेश कर रही हैं, जहां किसी एक टीम को प्रतियोगिता की पहली हार नसीब होगी। ऑस्ट्रेलिया के तीन दिग्गज तेज गेंदबाज इस प्रतियोगिता में नहीं आए हैं, जिसका असर इंग्लैंड के खिलाफ लाहौर की



पाटा पिच पर देखने को मिला था। बेन ड्वारश्विस, स्पेंसर जॉनसन और नेथन एलिस की पेस तिकड़ी के खिलाफ बेन डकेट ने जमकर रनों की डकैती की थी। हालांकि 350 रन से ज्यादा लुटाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को जॉश इंग्लिस के शतक की बदौलत जीत हासिल हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया की ही तरह इंग्लैंड की गेंदबाजी में भी वह दम नहीं दिखा था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके लिए ये आसान नहीं होने वाला। दक्षिण अफ्रीका के पेस अटैक में ज्यादा पैनापन है, जिसकी अगुवाई कगिसो रबाडा कर रहे हैं। उनके अलावा लुंगी एन्गिडी, मार्को यानसेन और वियान मुल्डर का भी विकल्प मौजूद है। लिहाजा ऑस्ट्रेलिया के लिए इन गेंदबाजों के सामने खुलकर खेलना उतना आसान नहीं होने वाला। स्पिन विभाग में ऑस्ट्रेलिया की बागडोर जहां ऐडम जैम्पा के कंधों पर होगी तो दक्षिण अफ्रीका को केशव महाराज पर रहेगा भरोसा। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पहला मुकाबला जहां कराची में खेला था तो ऑस्ट्रेलिया ने लाहौर की पाटा पिच पर जीत हासिल की थी। अब रावलपिंडी की पिच में पारंपरिक तौर पर तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की गुंजाइश रहती है, हालांकि नई गेंद की चमक खत्म होने के बाद बल्लेबाजों के लिए भी पिच मददगार होगी। लेकिन दूधिया रोशनी में रावलपिंडी की पिच पर नई गेंद से हरकत की उम्मीद की जा सकती है।

वैसे हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रावलपिंडी की पिच पर स्पिनर्स का बोलबाला रहा था। न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश के बीच मुकाबले में भी कीवी स्पिनर माइकल ब्रेसवेल ने चार विकेट झटके थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए पिछले मैच के स्टार बल्लेबाज हाइनरिक क्लासेन निगल की वजह से नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह रायन रिकलटन को मौका मिला था, जिसे उन्होंने दोनों हाथों से लपकते हुए शतक जड़ दिया था। अगर क्लासेन फिट रहते हैं तो फिर उनके लिए अब टोनी डीजॉर्जी को बाहर जाना पड़ सकता है। इसके अलावा स्पिन आक्रमण मजबूत करने के लिए वियान मुल्डर की जगह शम्सी को मौका मिल सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK